श्रावण कृष्ण पक्ष नवमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 16 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
19 जुलाई 2025 शनिवार
बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-7

**आज का मौसम**
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

## फिर बोले ट्रंप-मैंने सीजफायर कराया था, 5 जेट भी गिरे थे



**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने का दावा किया है और कहा है - मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट मार गिराए गए थे। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये विमान किस देश के थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 20 से ज्यादा बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐस दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। ज्ञात हो ?पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में पांच भारतीय विमान मार गिराए थे। जबकि इस्लामाबाद ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया था। इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाक संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था।

## अहमदाबाद क्रैश पर अटकलों से बचने की सलाह



**नई दिल्ली एजेंसी।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स को लेकर अब अमेरिकी अधिकारी ने सावधान रहने की सलाह दी है। यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा कि अब तक  जो बातें सामने आई हैं वो सिर्फ अटकलें हैं। भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने शुरुआती रिपोर्ट जारी की है, इस तरह की जांच में समय लगता है। होमेंडी की टिप्पणी अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर है। जिसमें दावा किया गया कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकॉर्डिंग से हुआ, विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा, 'आपने फ्यूल स्विच को 'कट ऑफ ' पोजिशन में क्यों कर दिया?'

## अडानी को छग के जंगल सौंपने के विरोध की बघेल को सजा : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है। श्रीमती वाड्रा ने आज यहां  कहा कि बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है। लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है और वे इसका विरोध करते रहेंगे।

## मणिपुर में गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए चलाए गए अभियानों के तहत पुलिस ने गोला बारुद का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि काकचिंग जिले के अरोंग नोंग्माइखोंग पुलिस थाना अंतर्गत पुमलेन पट के चिंगजाओ द्वीप क्षेत्र से शुक्रवार को गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सामान में नौ मिमी गोला-बारूद के 1,406 राउंड, .303 कैलिबर की 125 राउंड गोलियाँ और सात खाली कारतूस शामिल थे। उन्होंने बताया कि एक अलग अभियान में पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के ना बोल पुलिस थाना अंतर्गत लीमाराम लमखाई, टिडिम रोड से एक प्रतिबंधित समूह के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिर तार किया। व्यक्ति का नाम बिष्णुपुर के लीमाराम ममंग लेइकाई निवासी अजीतकुमार सिंह उर्फ इनाओतो बा है।

### सवाल-विधानसभा की हरी- भरी जमीन बची रहेगी या रसूखदार हड़प लेंगे?

# 11 साल बाद पूरी होगी विधायकों की मुराद, पुराने एमएलए रेस्ट हाउस तोड़कर बनेंगे नए आशियाने

**अनिल शर्मा, भोपाल**

राजधानी में विधायकों को नए आशियाने देने के लिए बनी योजना तमाम विवादों से निकलकर अब मूर्तरूप लेने जा रही है। पहले यह निर्माण विधानसभा परिसर से लगी 10 एकड़ की हरी-भरी पहाड़ी में से 2 एकड़ पर होना था, लेकिन इसे शहर की हरियाली पर हमला मानते हुए भारी विरोध का सामना करना पड़ा और योजना ठन्डे बस्ते में चली गई। 11 साल इंतज़ार के बाद अब इसे पुराने विधायक विश्रामगृह क्षेत्र में ही बनाया जायेगा। दस माह पुराने केबिनेट फैसले के तहत 21 जुलाई को मुख्यमंत्री मोहन यादव इसका भूमि पूजन करेंगे। हालाँकि, इसके बाद भी नज़रें उस जमीन पर लगी रहेंगी जहाँ पहले निर्माण प्रस्तावित था। देखना होगा कि शहरवासियों की उम्मीदों के अनुसार वहां की हरियाली कायम रहेगी, या फिर कुछ रसूखदार वहां कंक्रीट का जंगल खड़ा करने में कामयाब हो जाएंगे।

159.03 करोड़ की लागत से बन रहे नए एमएलए रेस्ट हाउस में दस मंजिलों के पांच टावर में होंगे और इनमे कुल मिलकर 102 फ्लैट रहेंगे। इसके लिए वर्तमान विश्रामगृह के पुराने पारिवारिक खंड 1 और पास ही के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित कुछ पुराने भवनों कि जमीन को चुना गया है। अभी जिस रेस्ट हाउस का उपयोग होता है वह 1958 में बना था और कहा जा रहा है कि यह आज कि जरूरतों के अनुसार उपयुक्त नहीं है। गौरतलब है कि पहले हरी पहाड़ी पर निर्माण की योजना 2014 में बनी थी। तब इसे शहरवासियों के भारी विरोध के चलते तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा ने निरस्त कर दिया था। कहा गया था कि यदि उसी जगह पर निर्माण होता तो




सैकड़ों हरे पेड़ काटने पड़ते। अब जब स्थान बदल दिया गया है तब भी शहर के पर्यावरण प्रेमियों की चिंता बनी हुई है। इसकी बजह यह बताई जा रही है कि भविष्य में कुछ रसूख़दार लोग अपने व्यावसायिक फायदे के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे में सिटीज़न फोरम का सुझाव है कि वहां और अधिक संख्या में पौधरोपण कर उसे संरक्षित क्षेत्र बनाया जाए ताकि शहर की प्राणवायु से कोई समझौता न हो।

### ऐसे तर्कों से पुरानी जगह रुका था निर्माण

पहले विधायकों के लिए घर बनाने का फैसला विधानसभा कैम्पस से जुड़ी अब्बास नगर पहाड़ी के 10 एकड़ क्षेत्र में हुआ था। लेकिन इसमें हरे- भरे पेड़ काटे जाने थे। इसीलिए शहरवासियों के विरोध के चलते प्लान में बदलाव किया गया। भोपाल की सीनियर सिटीज़न फोरम का कहना था कि राजधानी में प्रदेश के हर विधायक-मंत्री के पास सरकारी आवास है, फिर भी विधानसभा 10 एकड़ की हरियाली खत्म कर नए फ्लैट बनाने जा रही है। खास बात यह है कि मौजूदा विश्रामगृह और अन्य शासकीय बंगलों में ही इतनी व्यवस्था है कि सभी 230 विधायक रह सकते हैं। इसके बाद भी 42 अन्य लोगों के लिए जगह बच जाएगी, जिसे पूर्व विधायकों को दिया जा सकता है। नई जगह पर नया एमएलए रेस्ट हाउस बनाने का कोई ठोस कारण नहीं है। अलबत्ता विधायकों को सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने की बात है तो मौजूदा विश्रामगृह को ही अपग्रेड किया जा सकता है। इसमें 30 से 40 फीसदी तक पैसा भी बच जाएगा।

### ये सुविधाएं मिलेंगी माननीयों को



वर्ष 1958 में बने खंड एक और पुराने पारिवारिक खंड और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कुछ दुकानें को तोड़ कर पांच मंजिला टावर में 102 फ्लैट बनाए जाएंगे। यह निर्माण नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के अनुसार होगा। प्रत्येक फ्लैट में तीन बेडरूम, हॉल और किचिन होगा। सुरक्षाकर्मी के रुकने के लिए भी छोटा कक्ष बनाया जाएगा। यहां अस्सी लोगों की क्षमता वाला सभागार होगा और हर टॉवर में पार्किंग व्यवस्था भी की जाएगी। फ्लैट टीवी, गीजर, एसी और फर्नीचर सोफा-पलंग समेत अन्य सामग्री से सुसज्जित होंगे। हर टावर पर सोलर पैनल लगाया जाएगा और वर्षा जल से भूजल को रिचार्ज करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का इंतजाम भी किया जाएगा। ये सभी फ्लैट सुरक्षा के लिए फायर अलार्म से भी लैस होंगे।



### पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान

विधायकों के लिए वर्तमान में मौजूद जगह कम पड़ रही थी और नए रेस्टहाउस की मांग की जा रही थी। सालों से सुविधाओं का विस्तार भी नहीं हुआ था। अब जहाँ निर्माण हो रहा है वहां पर्यावरण का पूरा ध्यान रखा जाएगा। हमारी कोशिश होगी कि एक भी पेड़ को नुक्सान न पहुंचे।
– **नरेंद्र सिंह तोमर**, अध्यक्ष मप्र विधानसभा

## ऑनलाइन सट्टेबाजी: ईडी ने गूगल व मेटा को किया तलब

**नई दिल्ली एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय ने अब ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में गूगल और मेटा को नोटिस जारी कर दिया है। एजेंसी का आरोप है कि इन दोनों कंपनियों ने सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने का काम किया और उनके विज्ञापनों व वेबसाइट्स को अपनी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रमुखता दी। जानकारी के मुताबिक गूगल और मेटा पर आरोप है कि उन्होंने इन बेटिंग ऐप्स को प्रमोट किया और ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक विज्ञापन और वेबसाइट्स को अपने प्लेटफॉर्म से प्रमुख रूप से स्थान दिया। ।

ईडी ने दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए तलब किया है। पूरे मामले में यह पहली बार है जब भारत में काम कर रही किसी बड़ी टेक कंपनी को सट्टेबाजी जैसे मामलों में सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराया जा रहा है। ईडी की यह कार्रवाई ऑनलाइन




सट्टेबाजी के खिलाफ चल रहे व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसमें कई बड़े नामों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भूमिका की जांच की जा रही है। इससे संकेत है कि जांच और बड़े स्तर पर हो रही है। इससे पहले भी कई फिल्मी सितारे और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार करने के मामले में जांच के घेरे में आ चुके हैं। ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के एक बड़े नेटवर्क की बारीकी से जांच कर रही है।  कई ऐप्स खुद को 'स्किल बेस्ड गेम' बताकर असल में अवैध सट्टेबाजी में लिप्त हैं। पिछले हफ्ते प्रवर्तन निदेशालय ने 29 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिनमें मशहूर अभिनेता, टीवी होस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हैं।

## युध्दविराम पर सहमत हुए इजरायल और सीरिया

**अंकारा।** इजरायल और सीरिया एक दूसरे के साथ युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। तुर्की में अमेरिकी राजदूत टॉम बराक ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि तुर्की, जॉर्डन और पड़ोसी देशों ने इस युद्धविराम का समर्थन किया है। बराक सीरिया में भी विशेष दूत हैं। सीरिया के दक्षिणी ड्रूज बहुल प्रांत में हिंसा भड़कने के बाद इजरायल ने बुधवार को दमिश्क में हमले किए थे। इसके साथ ही दक्षिण में बढ़ रहे सरकारी बलों पर हमला किया था और उनसे पीछे हटने की मांग की थी। यरुशलम ने कहा कि इजरायल का उद्देश्य सीरिया के ड्रूज अल्पसंख्यकों की रक्षा करना है। सीरिया में ड्रूज एक छोटा लेकिन प्रभावशाली अल्पसंख्यक समुदाय है, जिसके अनुयायी लेबनान और इजरायल में भी हैं।

### 223 फीसद बढ़ी आय, वोट नहीं

## छोटे सियासी दलों की कमाई बढ़ी एडीआर का चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली एजेंसी**

देश में नाममात्र वोट पाने वाली पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय में चौंकाने वाली वृध्दि हो रही है। यह 223 प्रतिशत तक की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में ऐसी 2764 पार्टियां हैं, इनमें से 73 फीसदी से अधिक  ने तो अपना वित्तीय रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। वहीं, 739 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों का विश्लेषण किया गया है। गुजरात में 5 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों ने बीते 5 सालों में 3 चुनावों में केवल 22,हजार ही वोट हासिल किए हैं, फिर भी उनकी कुल आय 2,316 करोड़ रही है। इनमें से एक साल की आमदनी तो 1158 करोड़ रही है।

एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, इन दलों ने 2019-2024 के बीच दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव में कुल 17 उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन कोई जीत दर्ज




नहीं की।  इनमें से चार दल 2018 के बाद रजिस्टर्ड हुए हैं। ज्ञात हो कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एक गैर-सरकारी संगठन है, जो भारत में चुनावी और राजनीतिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसकी स्थापना वर्ष 1999 में भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के कुछ प्रोफेसरों और पूर्व छात्रों द्वारा की गई थी। एडीआर ने अप्रैल 2025 में जारी रिपोर्ट में बताया भी था कि वित्त वर्ष 2023-24 में नेशनल पार्टियों को 20,000 से ज्यादा के चंदों में सबसे ज्यादा भाजपा  को मिला। भाजपा को मिला चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी  और माकपा को मिले कुल चंदे से 6 गुना ज्यादा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### हालात ठीक होने की प्रबल उम्मीद लिए महिला की अनथक यात्रा

# दिव्यांग पति को पीठ पर बैठाकर बच्चों संग कांवड यात्रा

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी**

कावड यात्रा को लेकर देशभर में कई तरह की चर्चा व बहसें चल रही हैं। लेकिन इसके कई गहरे धार्मिक व मार्मिक पक्ष भी हैं। मसलन मुजफ्फरनगर में कावड़ यात्रा के दौरान भावुक करने वाली तस्वीर सामने आई है, इसमें  एक महिला अपने दिव्यांग पति को पीठ पर बैठाकर तकरीबन 150 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा कर रही है। महिला की इच्छा है कि पति अपने पैरों पर खड़े होने लगें। महिला हरिद्वार से गंगाजल लेकर पति को अपनी पीठ पर बैठाकर मोदीनगर तक की कांवड़ यात्रा पर है। उसके दो बच्चे भी पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस शिवभक्त महिला का नाम आशा है और उसके पति का नाम सचिन है। खबरों के मुताबिक सचिन 13 साल तक अपने पैरों पर चलकर हर वर्ष कांवड यात्रा करते रहे, बीते साल रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन के दौरान सचिन को पैरालिसिस हो गया लिहाजा वे  पैरों पर नहीं चल पाते।  इस वर्ष जब कांवड़ यात्रा का वक्त आया तो सचिन की पत्नी आशा ने हरिद्वार स्नान करने की ठानी और पति और दो बच्चों के साथ हरिद्वार पहुंच गईं। उसने जब हर की पैड़ी से गंगाजल



उठाया तो पति से कहा कि इस बार मैं अपनी पीठ पर बैठाकर आपको कांवड़ यात्रा पूरी कराऊंगी।  आशा ने यह भी कहा कि रास्ते में जो भी शिवभक्त कांवड़िये मिल रहे हैं, वे सराहना करते हैं और हौसला बढ़ाते हैं।

सचिन घर में अकेले कमाने वाले थे। वह रंगाई-पुताई का काम करते था, मगर बीमारी के बाद अब घर में कोई कमाने वाला नहीं है। इस परिवार में पति-पत्नी और दो बेटे हैं। आशा का कहना है कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पति सचिन जब बीमार हुए तो आयुष्मान कार्ड से इलाज हो गया। अब पति को पीठ पर बैठाकर 150 किलोमीटर तक पैदल कांवड़ ला रही आशा का कहना है कि मैं गंगाजल लेकर हर की पैड़ी से आ रही हूं. मैं अपने गांव मोदीनगर बखरवा जाऊंगी।पति 13 बार खुद कांवड़ ला चुके हैं, यह 14वीं कांवड़ है।

### अभाव है मगर उम्मीद भी है

आशा ने कहा कि मैं रुक-रुक कर रास्ते में चलती हूं। मेरे बच्चे भी पैदल ही चल रहे हैं। बच्चे भी आर्थिक स्थिति को देखकर कोई जिद नहीं करते। अब सरकार से मदद चाहती हूं. मेरे पति को कुछ काम मिल जाए, कुछ सुविधाएं मिल जाएं। जबकि पति सचिन का कहना है कि 13 जुलाई की शाम खाना खाकर बैठे थे।  तभी पत्नी अचानक कहने लगीं कि चलो अब हम भी हरिद्वार चल रहे हैं तुम्हें गंगा नहलाकर लाती हूं। फिर  हरिद्वार में नहलाने के बाद पत्नी कहने लगीं कि भोलेनाथ के मंदिर में आपको अपने कंधों पर लेकर ही जाऊंगी।

## ग्वालियर छतरपुर में भारी बारिश, बाढ़ का खतरा भी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम अभी तक एक्टिव है। हालांकि कल से भोपाल व आसपास राहत है। आज सुबह भोपाल में चमकीली धूप भी रही । वही सिस्टम के चलते छतरपुर, टीकमगढ़, सतना, गुना समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। कई गांव पानी में डूबे हैं तो डैम ओवरफ्लो हैं। आज यह सिस्टम थोडा कमजोर हो रहा है लेकिन शाम तक ग्वालियर समेत छतरपुर, दमोह, कटनी, पन्ना, सागर, सतना, टीकमगढ़, अशोकनगर, दतिया, गुना, मुरैना, राजगढ़, श्योपुर, शिवपुरी और विदिशा 16 जिलों में बाढ़ का खतरा है। शिवपुरी में आज भी स्कूलों की छुट्टी है। आज 14 अन्य जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

## बदला हुआ नजरा...






यह दृश्य है भानपुर खंती का, जो कभी कचरा गंदगी और बदबू के लिए जानी जाती थी। अब यहां हरियाली का मंजर है, यह मानसून में और निखर गया है। फोटो: गोल्डी

**स्वदेशी तकनीक से दाहोद में निर्मित**

# 9 हजार हार्स पॉवर वाले ताकतवर रेल इंजन का जल्द होगा ट्रायल




**भोपाल दोपहर मेट्रो**

रेलवे ने अब स्वदेशी निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दाहोद (गुजरात) में 9000 हॉर्सपावर क्षमता वाला भारत का सबसे ताकतवर इलेक्ट्रिक रेल इंजन तैयार किया है तथा यदि सब कुछ योजनानुसार हुआ तो यह इंजन जल्द ही भोपाल में ट्रायल पर दौड़ता नजर आएगा। यह 130 डिब्बों वाली भारी मालगाड़ी को अकेले खींचने में सक्षम है। वर्तमान में ऐसे काम के लिए अभी साढे पांच हजार एचपी के दो दो इंजन इंजनों की जरूरत पड़ती है। बताया जाता है कि इस इंजन की शक्ति और बहु उपयोगिता को देखते हुए इसे यात्री ट्रेनों में भी शामिल किया जा सकता है।

**130 डिब्बों वाली भारी मालगाड़ी को अकेले खींचने में सक्षम**

यह इंजन विशेष परिस्थितियों में यह गोवा, जीटी, तमिलनाडु, सचखंड, मंगला एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की 26 से 28 कोच वाली ट्रेनों को खींचने में सक्षम होगा। ये ट्रेनें भोपाल रेल मंडल से होकर गुजरती हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस इंजन को दो महीने पहले राष्ट्र को समर्पित किया था। जानकारी के मुताबिक मध्य रेलवे के तहत भोपाल, जबलपुर और कोटा रेल मंडलों को पहले चरण में तीन इंजन आवंटित किए जाएंगे। इन मंडलों के अधिकारी इसकी कार्यप्रणाली समझने और रूट फिटनेस जांचने के लिए ट्रायल चलाएंगे। भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के मुताबिक ट्रायल प्रक्रिया करीब 15 दिन तक चलेगी। इसके बाद फाइनल अलॉटमेंट की प्रक्रिया होगी।

**रक्षाबंधन की रौनक अगले सप्ताह से ज्यादा बढ़ने के आसार**

# इस बार सोने-चांदी की राखियों की भी पूछपरख, सजने लगा है बाजार

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

यूं तो रक्षाबंधन का त्योहार अभी कुछ दूर है लेकिन राजधानी में रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी दुकानदारों ने तैयारी शुरू कर दी है। बाजारों में इससे जुडे सामानों की रौनक नजर आने लगी है। इस बार 9 अगस्त को पड़ने वाले रक्षाबंधन के लिए लिए भगवान श्रीराम, राम दरबार, महाकाल और स्वास्तिक चिह्न वाली राखियों की सबसे अधिक मांग है। हालांकि दुकानदारों का मानना है कि कुछ समय बाद और नया स्टाक भी आ सकता है तथा इसमें नया डिजाइन भी हो सकता है। अभी ट्रेडिशनल राखियों के लिए चौक बाजार, मारवाड़ी रोड, इतवारा, मंगलवारा, लखेरापुरा, सराफा, 10 नंबर मार्केट, न्यू मार्केट और बिट्टन मार्केट में राखियों की दुकानें सज गई हैं।

बताया जाता है कि रेशमी राखियां मुंबई से, जूट की राखियां कोलकाता से और कस्टमाइज्ड डिजाइन राखियां दिल्ली, सूरत, चेन्नई व आगरा से आ रही हैं। खाटू श्याम की राखियां वजन के हिसाब से तैयार करके ज्वैलर्स बहनों के लिए खास तौर पर तैयार कर रहे हैं। सोने-चांदी की राखियों की भी पूछपरख हो रही है। जबकि बच्चों के लिए सुपरहीरो, बालाजी, पंचमुखी हनुमान और कार्टून थीम वाली राखियां ट्रेंड में हैं। इसके अलावा रक्षा कवच और महाकाल रक्षासूत्र नाम से भी कई राखियां आई हैं जो रेशमी धागे और तावीज से सजी हैं। राखी की मांग और खरीद दोनों ही अभी बाजारों में इसलिये भी नजर आने लगी है क्योंकि दूरदराज के शहरों में रहने वाले भाइयों के लिये अक्सर महिलायें पंद्रह बीस दिन पहले ही राशि आदि खरीदती हैं ताकि डाक या कूरियर वगैरह से इन्हें समय पर पहुंचाय जा सके।



### बाजार गुलजार आखिरी सप्ताह में होगी खरीदी

राखी पर कपड़ों और मिठाइयों के बाजार भी गुलजार होते हैं लेकिन आमतौर पर यह रौनक आखिरी सप्ताह में ही होती है। जानकारों का मानना है कि एक तारीख को जब लोगों की जेब में वेतन आदि का पैसा होता है तो वे बाजार कर रुख करते हैं, लिहाजा रक्षाबंधन वाले सप्ताह में ही कपडों,उपहारों व मिठाइयों की खरीद तेज होगी। हालांकि दुकानदार इसके लिये अभी से तैयारी कर रहे हैं तथा इसके लिये जरूरी माल आदि भी बुलवा चुके हैं।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश की चयन परीक्षा के आवेदन शुरू




**भोपाल।** कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 के आवेदन ऑनलाइन शुरू हो गए है। वह छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र है जो शासकीय/अशासकीय/ई.जी.एस के कक्षा पांचवी में अध्ययनरत् है, तथा जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हुआ हो। आवेदक ने कक्षा तीसरी, चौथी, पाँचवी में लगातार पत्येक पूर्ण सत्र में अध्ययन किया हो तथा एक ही कक्षा में पुनरावृत्ति न की हो। विद्यालय में छात्र/छात्राओं को शिक्षा, आवास, भोजन, यूनीफार्म, पाठ्य-पुस्तक एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएँ निःशुल्क प्रदान की जाती है जिसके अतिरिक्त नवीन शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर इंटरनेट स्मार्ट क्लास की सभी सुविधाएँ उपलब्ध है । चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को आयोजित होगी। चयन परीक्षा के आवेदन केवल ऑनलाईन भरे जायेगें। अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य जवाह नवोदय विद्यालय, रातीबड, जिला-भोपाल के कार्यालय से सम्पर्क किये जा सकते है। आवेदन ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई-2025 है। सम्पर्क 0755-2896325 मोबाइल नम्बर-9584359571 पर किया जा सकता है।

# सिकल सेल और थैलेसीमिया पर छात्राओं को किया जागरूक



**हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को एमपी नेवल एनसीसी यूनिट के सहयोग से सिकल सेल और थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. असलम खान, मेडिकल ऑफिसर, आईआईएसईआर भोपाल, ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। डॉ. खान ने सिकल सेल और थैलेसीमिया जैसे आनुवंशिक रोगों के लक्षणों, कारणों और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने सत्र के दौरान कई प्रश्न पूछे, जिनके डॉ. खान ने सरल और वैज्ञानिक ढंग से उत्तर दिए, जिससे यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक और लाभकारी सिद्ध हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए भविष्य में ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनसीसी ऑफिसर डॉ. शांति शर्मा और एनसीसी शिक्षक समन्वयक बबीता गोस्वामी भी उपस्थित रहीं।

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान**

# 5 कमरों में बैठते हैं 300 से ज्यादा बच्चे, जांच के निर्देश

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

अब मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के कोलार रोड स्थित अकबरपुर शासकीय स्कूल के 5 कमरों में कक्षा 01 से 5वीं तक लगने वाली कक्षाओं में क्षमता से ज्यादा बच्चों को पढ़ाए जाने के मामले में संज्ञान लिया है। जानकारी के मुताबिक आयोग के संज्ञान में आया है कि स्कूल में बैठक व्यवस्था सही नहीं होने से 300 से ज्यादा बच्चों को पांच कमरों में बैठा कर पढ़ाया जा रहा है, जिससे वह सही से शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते है। स्कूल में अव्यवस्था होने के कारण बच्चों और शिक्षकों को बारिश के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही व्यवस्था सुधारने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी तलब किया है।

**व्यवस्था सुधारने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी बुलाया**

### विश्राम घाट बना कचरे का ढेर

उधर भोपाल शहर के सेवनिया गोंड स्थित सूरज नगर के पास स्थित भूतेश्वर विश्राम घाट पर बड़ी मात्रा में कचरा डंप किये जाने का मामला सामने आया है। यहां चारों तरफ कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगाये हुये है, बारिश के दिनों में चारों तरफ गंदगी और बदबू फैली रहती है। इसके चलते अंतिम संस्कार में शामिल लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब मामले मेंआयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही रिपोर्ट भी मांगी है।

# श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में शिवपुराण कथा जारी

**हिरदाराम नगर।** लालघाटी क्षेत्र के विजयनगर में स्थित प्राचीन श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि पिछले सात-आठ वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और मासिक रूप से सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को महादेव का फूलों से श्रृंगार हो रहा है। मंदिर में 13 से 19 जुलाई 2025 तक पंडित श्री चंद्रयान उपाध्याय जी के सान्निध्य में शिवपुराण कथा का आयोजन चल रहा है।

# बजरंगी करेंगे शिवजी के 108 नामों का जाप

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति द्वारा 20 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे भारतीय सिंधु सभा भवन में सावन मास के उपलक्ष्य में भगवान शिवजी के 108 नामों का हवन किया जाएगा। यह हवन समिति के अर्चक पुरोहित पं. राज कुमार गर्ग के सानिध्य में संपन्न होगा। इसके बाद भगवान शिवजी की आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहन वंदना रामचंदानी का भी सम्मान किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** पीएसएससीआईवीई में 'मोबाइल मैनिपुलेटर रोबोट' पर सेमिनार

# तकनीकी नवाचार: सेंसरयुक्त मोबाइल रोबोट का डेमो

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई) ने तकनीकी नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दोनों ही कार्यक्रमों का संचालन प्रो. मुनेश चंद्र त्रिवेदी द्वारा किया गया। पहले कार्यक्रम के अंतर्गत 'मोबाइल मैनिपुलेटर रोबोट' विषय पर आधारित एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें न्यूजेनिक्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आदित्य मराठे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रोबोटिक्स में प्रगति, शिक्षण, अनुसंधान और अनुप्रयोग विकास के लिए प्लेटफ़ॉर्म तथा रोबोटिक्स में रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान मराठे द्वारा लाए गए सेंसरयुक्त मोबाइल रोबोट जिसमें दो स्वचालित रोबोटिक आर्म्स लगे हुए थे, का प्रदर्शन (डेमो) किया गया, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत आकर्षक और ज्ञानवर्धक रहा। वहीं दूसरे कार्यक्रम में ÷उद्यमिता विकास और स्टार्टअप÷ विषय पर भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) गुवाहाटी पूर्व निदेशक एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई) गांधीनगर के प्राध्यापक डॉ. ललित शर्मा द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया। उन्होंने देश में स्टार्टअप्स की वर्तमान स्थिति, आइडिया जनरेशन के तरीके तथा वर्तमान में सक्रिय स्टार्टअप्स की संख्यात्मक स्थिति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने उद्यमिता विकास एवं स्टार्टअप की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही कार्यक्रम समन्वयक प्रो. मुनेश चंद्र त्रिवेदी ने स्टार्टअप के लिए सरकारी फंडिंग प्राप्त करने की प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं के लाभ पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।





# गुरुकृपा सेवा समिति का 'बारिश में हरियाली' अभियान

**हिरदाराम नगर।** श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने वर्षा ऋतु में पौधरोपण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत गुलाब, कड़ी पत्ता और नीम जैसे पौधे लगाए जा रहे हैं, जो पूरी बारिश में जारी रहेगा। समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी ने बताया कि जिस गति से हरियाली को खत्म किया जा रहा है, उस गति से पौधे नहीं लगाए जा रहे, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए सभी से अपने आसपास पौधे लगाने की अपील की। गुरबानी ने कहा कि हरियाली की कमी के कारण ही तापमान बढ़ रहा है और बीमारियां फैल रही हैं। समिति सदस्य न केवल स्वयं पौधे लगा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। इस अभियान में भावना उदासी, राज मनवानी, प्रकाश विधानी, राकेश शेवानी, मुकेश आहुजा, मुकेश उदासी, सुमित पंजवानी, रवि आसुदानी और अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हैं।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन मप्र के तहत बिजनेस फोरम की बैठक में निवेशकों से विचार विमर्श किया।

सीएम ने लाजिस्टिक्स हब देखा

# स्पेन के मेगा फूड पार्क का मॉडल मप्र में आजमाएगी सरकार

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने स्पेन दौरे में बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का दौरा किया और 250 एकड़ में फैले इस यूरोपीय फूड लॉजिस्टिक्स हब को देखकर कहा कि यह संस्थान मप्र के लिए उदाहरण बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब केवल कृषि उत्पादन ही नहीं, बल्कि कटाई के बाद मूल्य संवर्धन, भंडारण, प्रोसेसिंग और वैश्विक बाजारों तक पहुंच की भी जरूरत है।

जानकारी के मुताबिक सीएम ने मर्काबार्ना के फार्म-टू-फोर्क, कोल्ड चेन, ट्रेसेबिलिटी और फूड सेफ्टी जैसे मॉडलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन्हें प्रदेश के मेगा फूड पार्क, एग्री बिजनेस क्लस्टर और ग्रामोद्योग केंद्रों में शामिल किया जाएगा। सीएम ने मर्काबार्ना में संचालित फूड बैंक, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट और फूड-टेक स्टार्टअप के लिए तैयार इन्क्यूबेशन मॉडल का भी अवलोकन किया।

## भोपाल आइसर को कैटलोनिया विवि से जोड़ेंगे

सीएम ने बार्सिलोना में कैटलोनिया सरकार के विदेश मंत्री जैम डच गुइलोट के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान शिक्षा, निवेश, तकनीक, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में मप्र और कैटलोनिया के बीच व्यापक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। सीएम ने प्रदेश के दो प्रमुख संस्थान आईआईटी इंदौर और आइसर भोपाल को बार्सिलोना के विवि से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने अकादमिक सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और छात्र विनिमय कार्यक्रमों पर काम करने की बात कही। वहीं एफसी बार्सिलोना फाउंडेशन के साथ खेल, लीडरशिप और जीवन कौशल आधारित कार्यक्रम शुरू करने पर चर्चा की।

ई-विधान के प्रशिक्षण की कवायद तेज

# विधायकों के साथ स्टाफ भी सीखेगा, दिल्ली से आएंगे ट्रेनर

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र विधानसभा में वन नेशन वन प्लेटफॉर्म के तहत ऑनलाइन कामकाज की ट्रेनिंग यहां के स्टाफ को भी देने का फैसला हुआ है। विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले विधान परिषद में विधायकों के साथ उनके स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी कि वे कैसे ऑनलाइन प्रश्न पूछें और उसमें मंत्री का जवाब या उनके द्वारा की गई कार्रवाई से पूरक प्रश्न किस तरह करें। इसके लिए संसदीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली से ट्रेनर आएंगे।**

विधान परिषद में 75 विधायकों के बैठने की जगह है, जहां टेबलों पर 50 कंप्यूटर इंस्टॉल कर उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। बताया जाता है कि आठ से दस दिन के भीतर कंप्यूटर समेत अन्य उपकरण की खरीदी टेंडर प्रक्रिया के तहत एनआईसी द्वारा की जानी है। यह प्रक्रिया 25 जून तक पूरी हो जानी थी, लेकिन इसमें देरी हो रही है। अब मौजूदा विधानसभा के मानसून सत्र में यह प्रक्रिया शुरू किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि आगामी शीतकालीन सत्र में ही यह व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो पाएगी।



## मानसून सत्र के लिए 3 हजार प्रश्न

विधानसभा के 28 जुलाई से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र के लिए विधायकों के तीन हजार प्रश्न आए हैं, जिसमें से 2 हजार प्रश्न ऑनलाइन पूछे गए हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कहना है कि आधे से ज्यादा सवाल ऑनलाइन पूछे जा रहे हैं। इससे साफ है कि विधायकों की ई-विधान में रुचि है। चूंकि विधायकों का काम उनका स्टाफ भी करता है, इसलिए उन्हें भी ट्रेनिंग दी जाएगी। यह भी फायदा वन नेशन वन प्लेटफॉर्म से जुड़ने के बाद मध्यप्रदेश की विधानसभा संसद और अन्य राज्यों की विधानसभा से जुड़ जाएगी। इसमें यहां विधायकों को यह पता चल सकेगा कि संसद में क्या कार्रवाई चल रही है। इसके साथ ही राज्यों में विधानसभा में सदन में क्या कार्यवाही चल रही है। वहां से बेस्ट प्रैक्टिस के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस बार 90 विधायक पहली बार चुनकर आए हैं, जिनमें से अधिकतर अभी भी टेबलेट पर अपना सदन की कार्रवाई से संबंधित कामकाज निपटाते हैं। इसलिए इन विधायकों को ई-विधान सिस्टम से जुड़ने में कोई भी अड़चन नहीं आएगी। इसकी वजह पहले से ही वे इस प्रक्रिया के तहत काम कर रहे हैं। टेबलेट की सप्लाई होते ही विधान परिषद भवन में कुछ डिवाइस इंस्टॉल करके प्रायोगिक तौर पर विधायकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए शुरुआती तैयारियां कर ली गई हैं।

भारी बिल आने व जलने की घटना

# अब तक डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगे, शिकायतों में भी हुआ बड़ा इजाफा

भोपाल, दोहपर मेट्रो

**शहर में अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, ये जहां बिजली चोरों पर भारी पड़ रहे हैं, वहीं 12 इलाकों के 508 उपभोक्ताओं को 1.50 करोड़ रुपए के बिल भी मिल गये हैं। हालांकि कोलार इलाके में एक घर में स्मार्ट मीटर जलने की घटना भी हुई है। दूसरी तरफ स्मार्ट मीटर के विरोध में शहर में रहवासियों के प्रदर्शन का सिलसिला भी जारी है।**

बिजली कंपनी के भोपाल सिटी सर्कल के उत्तर संभाग के दायरे में आने वाले कुछ इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाकर पुराने मीटर निकाले गए। मध्यक्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सुलतानिया रोड, मॉडल ग्राउंड, नादरा बस स्टैंड, छोला, नारियलखेड़ा, टीला जमालपुरा, तलैया, रेतघाट, बुधवारा, मंगलवारा सहित कुछ इलाकों में 508 घरों में बिजली चोरी का संदेह है। मामला दर्ज कर इन लोगों को 1.50 करोड़ रुपए के बिल दिए गए हैं। इनमें से 345 मीटर सीज कर जांच के लिए बिजली कंपनी के लैब में भेज दिए गए हैं। डेढ़ करोड़ में से 85 लाख रुपए की वसूली भी कर ली गई है।



## स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों को दिए जा रहे अनाप-शनाप बिल

बताया जाता है कि कोलार के महाबली नगर इलाके में उपभोक्ता जितेंद्र के घर लगा स्मार्ट मीटर जलने की सूचना पर अमला मौके पर पहुंचा, कोलार डिवीजन के डीजीएम अंकुर कांसकार ने बताया कि यह मीटर जला नहीं है, बल्कि किसी ने यह जला दिया है। कोलार पुलिस को शिकायती आवेदन दे दिया गया है। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया जा रहा है। कमेटी अध्यक्ष दानिश खान ने बताया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीब उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिल दिए जा रहे हैं। जबरन पुराना बकाया बताया जा रहा है। शुक्रवार से शहर के कई मोहल्लों और गलियों में स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन कर फ्लैक्स लगाए जाएंगे।

36 जिलों में संचालित हो रहे जिला पुस्तकालय

# स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश में संचालित कर रहा पांच केन्द्रीय पुस्तकालय

भोपाल, दोहपर मेट्रो

स्कूल शिक्षा विभाग नागरिकों और विद्यार्थियों की सुविधा के लिये 5 केन्द्रीय पुस्तकालय और 36 जिलों में जिला पुस्तकालय संचालित कर रहा है। इन पुस्तकालयों में पाठकों के लिये अनेक उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा अनुदान के साथ स्वामी विवेकानंद लायब्रेरी (पूर्व में ब्रिटिश लायब्रेरी) भोपाल भी संचालित की जा रही है। शासकीय मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय भोपाल साहित्यिक पुस्तकों के भण्डार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये प्रसिद्ध पुस्तकालय है, जहाँ पाठकों को




न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। इस वर्ष मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा पुस्तकालय में मरम्मत एवं विकास कार्य किये गये हैं। पुस्तकालय में अध्ययन सुविधा के लिये 32 केबिन मॉडल स्टडी रूम का भी विकास किया जा रहा है। पुराने भोपाल में इस पुस्तकालय को सेंट्रल लायब्रेरी के नाम से भी जाना जाता है।

## अतिथि शिक्षकों को ई-अटेंडेन्स के बाद ही मिलेगा मानदेय

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों को शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश जारी किये है। निर्देश में कहा गया है कि यह व्यवस्था 18 जुलाई से प्रदेश में अनिवार्य रूप से लागू होगी। जिन अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज नहीं होगी उनका मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किये जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है।

# ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बने मकान के मालिकों को नोटिस

भोपाल, दोहपर मेट्रो

नई कॉलोनियों सहित कई इलाकों में एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित दायरे में बन गये कई मकान अब राडार पर आ गए हैं। यह निर्माण वर्षों पहले स्थापित ट्रांसमिशन लाईनों के समीप किए गए हैं जो न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। एम.पी. ट्रांसको ने इंदौर में तीन वर्षों में ऐसे 892निर्माणों के लिये नोटिस जारी किए हैं। एम.पी. ट्रांसको द्वारा अपने स्तर पर इन्हें हटाने के कई प्रयास समय-समय पर किए जाते हैं, साथ ही जिला प्रशासन की मदद से भी अभियान चलाया जाता है। वर्षों पहले स्थापित हुई इन एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बसे रहवासी



मकान न केवल विद्युत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि यह जनजीवन को गंभीर खतरे में डाल रहे हैं।

**खतरनाक स्थिति वाले क्षेत्र-** इंदौर के लिंबोदी, मुसाखेड़ी, खजराना, मुखर्जी नगर, बाणगंगा, नेमावर रोड, सुखलिया, देवास नाका, खंडवा रोड आदि क्षेत्र ऐसे हैं जहां न्यूनतम सुरक्षा दूरी नहीं है और दुर्घटना की आशंका अधिक है।

## स्कूलों में रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदकों की होगी री-ज्वॉइनिंग?

**भोपाल।** शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक आवेदकों की रिक्त पद होने पर री-ज्वॉइनिंग के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। समय सारणी के अनुसार आवेदकों को अंतिम अवसर देते हुए आज दिनांक 17 जुलाई गुरूवार तक री-ज्यॉइनिंग करने के निर्देश जारी किये गये है। नियत तिथि के बाद 18 जुलाई 2025 को रिक्त पदों की पुनरू समीक्षा की जायेगी। प्रदेश में करीब 60 हजार से अधिक अतिथि शिक्षक शिक्षण कार्य से जुड़े हुए है।






मेट्रो एंकर

जेल की दीवारों के भीतर उगती नई जिंदगी की किरणें

# महिला बंदियों ने सीखा संवाद, सपने संवारने का हुनर

भोपाल, दोहपर मेट्रो

**कभी टूटी हुई उम्मीदों के सहारे जी रही केन्द्रीय जेल भोपाल की महिलाएं अब सपनों को नया आकार दे रही हैं। केंद्रीय जेल के महिला वार्ड में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जब इन महिला बंदियों ने रंगों और शब्दों के ज़रिये अपनी ज़िंदगी को कागज़ पर उकेरा, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें गर्व से नम हो गई।**

यह कार्यशाला मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग और तिनका-तिनका फाउंडेशन के सहयोग से ÷टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से सुधार और व्यक्तित्व विकास÷ विषय पर आयोजित की गई थी। कार्यशाला में महिला बंदियों ने न सिर्फ संवाद के गुर सीखे बल्कि आत्मविश्लेषण, सुधार और एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प भी लिया।

56 वर्षीय पुतलीबाई, जो कभी अनपढ़ थीं, आज अख़बार पढ़ती हैं, टीवी समाचार देखती हैं और




चित्र बनाना जानती हैं। भावुक होकर उन्होंने कहा, ÷मेरा जीवन बहुत कठिन था। लेकिन यहां मैंने पढ़ना, चित्र बनाना और अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानना सीखा है। परिवार में औरत की ज़िंदगी कहीं ज़्यादा कठिन होती है। यहां मुझे आज़ादी महसूस होती है।

**मैं फैशन डिज़ाइनर बनना चाहती हूं:** कल्पना, जो किन्नर समुदाय से हैं, ने कहा बाहर हमारे साथ भेदभाव होता है, यहां नहीं। यहां पढ़ाई की, कुछ नया करने की प्रेरणा मिली। अब मैं बाहर जाकर फैशन डिज़ाइनर बनना चाहती हूं।

## खेतों में मेहनत करूंगी, बच्चों को पालूंगी

सुनीता बाई ने अपने भीतर के पश्चाताप को शब्द दिए मुझसे गलती हुई, उसका पछतावा है। यहां रहकर मैंने बागवानी सीखी है। अब बाहर जाकर खेती करूंगी और अपने बच्चों का पालन-पोषण करूंगी। कार्यशाला में महिलाओं ने जेल में सपना, जेल में उत्सव, जेल में रेडियो जैसे विषयों पर चित्र बनाकर अपने मन की स्थिति को व्यक्त किया। कार्यक्रम की सूत्रधार और तिनका-तिनका फाउंडेशन की अध्यक्ष सुश्री वर्तिका नंदा ने कहानियों और संवाद के ज़रिए महिलाओं को संदेश दिया कि हर परिस्थिति में डटे रहना ही असली नारी शक्ति है। सीखते रहना, आगे बढ़ते रहना ही जीत है। राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव सुरेश तोमर ने बताया कि महिला बंदियों के लिए आयोग द्वारा कौशल विकास के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# मुद्दों पर चुनाव की जरूरत

भारतीय राजनीति में कुछ समय से चुनाव को साधने के लिये नई लहर आ गई है। राजनीतिक दलों के लिए वास्तविक मुद्दों पर आम जनता का समर्थन हासिल करना मुश्किल होता लग रहा है लिहाजा लोगों के सामने कोई सुविधा या सामान मुफ्त देने का वादा करके उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया जाने लगा है। वोट हासिल करने की मंशा से स्कूटी, टीवी या लैपटाप या फिर कुछ राशि देना हो या फिर कोई अन्य सामान, मकसद यह होता है कि लोगों को मुफ्त मुहैया कराने का वादा किया जाए, ताकि वे मुद्दा आधारित राय बनाने की ओर ध्यान न दें। यही वजह है कि लगभग हर चुनाव के पहले जनता को कोई सुविधा मुफ्त दिलाने के लिए राजनीतिक दलों के बीच एक तरह से होड़ लग जाती है। हालांकि इस तरह के चलन ने लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है और इससे लोभ-आधारित मतदान की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलने के खतरे पैदा हुए हैं। यों इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि सरकारी धन का उपयोग बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और विकास कार्यों में होना चाहिए, न कि चुनावों में वोट बटोरने की मंशा से मुफ्त की सौगातों पर खर्च करने के लिए। विडंबना यह है कि एक ओर सरकारें जन-कल्याण कार्यक्रमों के लिए धन जारी करने को लेकर कई तरह के बहाने बनाती रहती हैं, दूसरी ओर सत्ता में वापसी या उसे हासिल करने के लिए व्यापक पैमाने पर मुफ्त की कोई सुविधा मुहैया कराने के वादे किए जाते हैं। एक तरह से यह जनता को दिया जाने वाला लालच है, जिसके जरिए बुनियादी सुविधाओं और अन्य जरूरी मुद्दों पर पर्दा डाला जाता है। हाल के वर्षों में चुनावों में जीत हासिल करने के लिए अमूमन हर पार्टी ने इस मुफ्त के औजार का इस्तेमाल किया है , अब बिहार में नीतीश सरकार ने नया कदम बढा दिये हैं। बिहार सरकार ने आम घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। यह फैसला अगले महीने से लागू हो जाएगा। इससे पहले नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि में भी बढ़ोतरी कर दी थी। जाहिर है, बिहार में इस तरह की घोषणाओं की पृष्ठभूमि में अगले कुछ महीने के भीतर होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। हालांकि बिजली मुफ्त मुहैया कराने के मसले पर नीतीश कुमार की राय अलग थी, लेकिन ऐसा लगता है कि अब उन्हें भी जनता के सामने मुफ्त की रेवड़ियों का सपना दिखाने में कोई हिचक नहीं हो रही। आखिर क्या कारण है कि बिहार सहित देश भर में जहां भी इस तरह के मुफ्त की सौगात जनता को देने के वादे किए जाते हैं, उनका समय हर बार चुनाव से पहले का वक्त होता है ! सड़क, शिक्षा-व्यवस्था, रोजगार आदि के मसले पर खर्च का सवाल आते ही धन की कमी का रोना वाली सरकारों को अपने अधिकार के क्षेत्र के सभी लोगों के लिए किसी सुविधा को मुफ्त करने का वादा करने में कोई हिचक नहीं होती। जबकि अगर न्यायपूर्ण आय और उचित खर्च के स्तर को बनाए रखा जाए, रोजगार के सवाल पर ईमानदार इच्छाशक्ति से काम किया जाए, तो लोगों की क्रयशक्ति को इतना मजबूत बनाया जा सकता है कि उन्हें मुफ्त सौगात की जरूरत नहीं पड़े। मुफ्त योजना का नतीजा यह होता है कि सरकार पूरे पांच वर्ष इन्हें ही पूरा करने में जुटी रहती है तथा अन्य कई ठोस काम पिछड़ते जाते हैं।

**जो अपने नियम नहीं बनाता उसे दूसरों के बनाये नियमों पर चलना पड़ता है।**
**- हरिभाऊ उपाध्याय**

## आज का इतिहास

- 1763-ब्रिटिश सेना ने बंगाल के शासक मीर कासिम को पश्चिम बंगाल के कटवा क्षेत्र में पराजित किया।
- 1827-स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे का जन्म।
- 1848-न्यूयॉर्क के सिनिका फॉल्स में पहले महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन।
- 1870-फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1900-स्वतंत्रता संग्रामी, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के महान नेता और साहित्यकार खूबचंद बघेल का जन्म।
- 1900-फ्रांस की राजधानी पैरिस में पहली मेट्रो रेल चली। दुनिया की पहली मेट्रो सेवा लंदन में शुरू हो चुकी थी।
- 1940-अडॉल्फ हिटलर ने ग्रेट ब्रिटेन को आत्मर्समपण करने का आदेश दिया।
- 1956-भारतीय कानूनी सलाहकार ज़िया मोदी का जन्म।
- 1963-संविधान सभा की सदस्य एनी मसकैरिनी का निधन।
- 1969-अपोलो द्वितीय के अंतरिक्ष यात्री नील आर्म स्ट्रान्ग और बज ऑल्ड्रिन ने यान से बाहर निकलकर चंद्रमा की कक्षा में चहलकदमी की।
- 1969-भारत सरकार ने देश के चौदह बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया।
- 1974-क्रांतिकारी उधम सिंह की अस्थियों को लंदन से नई दिल्ली लाया गया।
- 1976-नेपाल में सागरमाथा पार्क बनाया गया।
- 1988-'महावीर चक्र' से सम्मानित भारतीय सैन्य अधिकारी राजीव संधू का निधन।

## निशाना

### जल्द कुछ ऐलान !



-कृष्णेन्द्र राय

बना सकते पार्टी ।
जल्द कुछ ऐलान ।।
हैं तेवर भी बागी ।
बनना जो महान ।।
अटकलों का क्रमशः ।
गर्म है बाजार ।।
दम भी दिखाना और ।
करना खबरदार ।।
पक रही है खिचड़ी ।
मिल रहा सहयोग ।।
चेतना है अबकी ।
करना सही प्रयोग ।।
कायाकल्प करने को ।
जोर है लगाया ।।
धीरे धीरे अपने ।
कर दिए सफाया ।।

# ट्रंप की तेल कूटनीति में नाटो का दुरुपयोग

■ पुष्परंजन

वर्ष 1949 में वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर के साथ गठित, 'नाटो' उत्तरी अमेरिका और यूरोप के 32 देशों का एक सुरक्षा गठबंधन है। नाटो का मूल लक्ष्य, राजनीतिक और सैन्य साधनों से मित्र राष्ट्रों की स्वतंत्रता, और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नाटो के दो मुख्य अंग हैं- राजनयिक, और सैन्य। यदि राजनयिक प्रयास विफल हो जाते हैं, तो नाटो सैनिक कार्रवाई के लिए धमकाता है। नीदरलैंड्स के पूर्व प्रधानमंत्री रह चुके मार्क रुट्टे, ट्रंप के ख़ास लोगों में माने जाते हैं।

बुधवार को वाशिंगटन में नाटो महासचिव मार्क रुट्टे ने कहा, कि रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फ़ोन करना चाहिए, और उन्हें बताना चाहिए कि यूक्रेन से शांति वार्ता के बारे में गंभीर होना होगा, वरना ब्राज़ील, भारत, और चीन पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। रुट्टे ने कहा, 'इन तीन देशों को मेरा मशविरा है कि यदि आप पेइचिंग में रहते हैं, या दिल्ली में, या आप ब्राज़ील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको इस पर गौर करना चाहिए, क्योंकि यह आपको बहुत प्रभावित कर सकता है।'

यह धमकाना ही तो है। इसे आप जुर्रत नहीं, तो क्या कहेंगे? खुन्नस आपको पुतिन से है, उसे निकाल रहे हैं, उन देशों पर, जो रूस से तेल व्यापार कर रहे हैं। एक अक्तूबर, 2024 से मार्क रुट्टे नाटो के महासचिव हैं। चार साल की कार्यावधि में मार्क रुट्टे ट्रंप की कठपुतली जैसा कार्य करेंगे, यह उनके बयानों से दिख रहा है। ब्रसेल्स के बाहरी इलाके में स्थित, एक विशाल परिसर में स्टील और कांच से बने नाटो मुख्यालय में सात वर्षों तक मेरा जाना रहा। रुट्टे अपने पूर्ववर्तियों की तरह व्हाइट हॉउस के आगे क्यों नतमस्तक हैं? उसकी वजह है, पैसा। मोबाइल थल सेना, वायु रक्षा, लंबी दूरी की हथियार प्रणालियों और सुरक्षा कवच 'परमाणु छतरी' के लिए नाटो, दशकों से अमेरिका पर निर्भर रहा है।

'सेंटर फॉर यूरोपियन पॉलिसी एनालिसिस' के वरिष्ठ फेलो और पूर्व शीर्ष नाटो अधिकारी, जनरल गॉर्डन बी. डेविस जूनियर



(सेवानिवृत्त) कहते हैं, 'नाटो की परमाणु छतरी, और पूरा सैन्य सेटअप अमेरिकी पैसे के बिना काम कर ही नहीं सकता।' कहने के लिए नाटो 32 उत्तर अटलांटिक देशों का सुरक्षा गठबंधन है, दरअसल यह अमेरिका को सिजदा करने वाला संगठन है। दिक्कत, ट्रम्प के साथ है। इस महीने रूस ने कीव पर 10 घंटे तक लगातार हमले किए। इन हमलों के बाद, 14 जुलाई को ट्रंप बोले, 'मैं राष्ट्रपति पुतिन से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं। अब अमेरिका यूक्रेन को आत्मरक्षा के लिए ज्यादा हथियार देगा।' मतलब, ट्रंप का 'मिशन पीस' हो गया फिस्स। इस पूरी कहानी का दूसरा पक्ष है, तेल व्यापार। भारत में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर्स की 23 रिफाइनरियां हैं। रूस में 30 बड़ी और मध्यम आकार की रिफ़ाइनरियां हैं, जबकि अमेरिका में 131 रिफाइनरियां हैं। अमेरिका, दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। उसके बाद ही सऊदी अरब, रूस, कनाडा, चीन, इराक, यूएई, ब्राज़ील, ईरान और कुवैत क्रमशः आते हैं। एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (ईआईए) को आशंका है, कि अमेरिकी कच्चे तेल का उत्पादन 2026 के अंत तक उस उच्च स्तर से कम हो जाएगा, क्योंकि तेल उत्पादक प्रतिस्पर्धी कीमतों से खरीदारों को लुभाएंगे।

भारत ने रियायती कीमतों पर रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है, खासकर यूक्रेन में संघर्ष शुरू होने के बाद। भारत का कहना है, कि वह किसी भी प्रतिबंध का उल्लंघन नहीं कर रहा है, अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सस्ती ऊर्जा सुनिश्चित करना चाहता है। तेल उद्योग पर नज़र रखने वाले विशेषज्ञ इसे रूस से आयात करने वाले देशों पर दबाव बनाकर पुतिन को मजबूर करने की रणनीति के रूप में देखते हैं। रूसी तेल पर कीमतों को लेकर कोई 'कैपिंग' नहीं है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों ने 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा लगा दी है, जिसके अनुसार यदि मास्को के कच्चे तेल की कीमत उस स्तर से नीचे है, तो पश्चिमी मालवाहक और बीमाकर्ता रूसी तेल व्यापार में भाग नहीं ले सकते। यह, एक क़िस्म की गुंडई है।

भारत और चीन, रूसी कच्चे तेल के शीर्ष आयातक हैं। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चे तेल की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद, जब पश्चिमी देशों ने रूसी कच्चे तेल से दूरी बना ली, तो रूस ने इच्छुक खरीदारों को अपने तेल पर छूट देना शुरू कर दिया। भारतीय रिफाइनरियों ने इस अवसर का तुरंत लाभ उठाया, जिसके परिणामस्वरूप रूस, जो पहले भारत को तेल का एक छोटा आपूर्तिकर्ता था, भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बनकर उभरा, और देखते-देखते पारंपरिक पश्चिम एशियाई आपूर्तिकर्ताओं को विस्थापित कर दिया।

टैंकर आंकड़ों के अनुसार, 'जून 2025 में भारत के कुल तेल आयात में रूसी कच्चे तेल का हिस्सा 43.2 प्रतिशत था, जो अगले तीन आपूर्तिकर्ताओं- इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को मिलाकर भी अधिक था।' वैश्विक कमोडिटी मार्केट एनालिटिक्स फर्म, 'केप्लर' के वेसल ट्रैकिंग डेटा बताते हैं, 'जून 2025 में भारत ने 2.08 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक है।' इस कारोबार से भारत की अर्थव्यवस्था जितनी तेज़ी से बढ़ी है, उतनी ही तेज़ी से अमेरिका के पिट्ठू देशों को खटकने लगी है।

कुछ हफ्ते पहले, अमेरिका में एक विवादास्पद विधेयक को लेकर भारत में चिंताएं थीं, जिसमें रूस के साथ व्यापार जारी रखने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था। देखकर विचित्र लगेगा, कि धमकियों के साथ-साथ टैरिफ लगाने की घोषणाओं में भी ट्रम्प फेरबदल करते रहते हैं। हाल ही में ट्रम्प ने रूसी निर्यात के खरीदारों को बन्दर घुड़की दी थी, कि अगर 50 दिनों के भीतर रूस-यूक्रेन शांति समझौता नहीं होता, तो हम 100 प्रतिशत की दर से द्वितीयक शुल्क (विंडफॉल टैक्स) लगा देंगे। भारत में तेल व्यापार में 'द्वितीयक शुल्क' कच्चे तेल पर लगाया जाता है, जिससे सरकार को घरेलू तेल उत्पादकों को समर्थन देने, और आयातित तेलों की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। अमेरिकी खब्त देखिये, 500 प्रतिशत विंडफॉल टैरिफ से ये सीधा 100 प्रतिशत पर उतर आये। सवाल है, भारत नाटो की इन धमकियों का अकेले जवाब देगा, या फिर चीन और ब्राज़ील के साथ मिलकर नाटो की धमकियों को आप इग्नोर नहीं कर सकते। लेकिन, ट्रम्प ने अपने तेल व्यापार के लिए 'नाटो' का जिस तरह से दुरुपयोग करना शुरू किया है, वह चिंता का विषय है! भारत ने नाटो प्रमुख को डबल स्टैण्डर्ड से बाज़ आने की चेतावनी दे डाली है।

**(साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उनके निजी विचार हैं)**

# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

■ ललित गर्ग

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय



एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है।

एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए।

बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, न कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है।

आरजेडी-कांग्रेस भाजपा और नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं कि जिनके शासन में कभी सुशासन की मिसाल दी जाती थी, अब वही शासन अपराधियों के आगे बेबस नजर आ रहा है। बिहार के लिए यह समय आत्मचिंतन का है। सरकार को चाहिए कि वह पुलिस-प्रशासन को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे और राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त करे। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज़ किया जाए ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिले। बिहार इस समय एक निर्णायक मोड़ पर है। अन्यथा एक ओर पुराना भयावह जंगलराज लौटने की आशंका है, दूसरी ओर एक सक्षम, उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता। यदि वर्तमान सरकार इस संदेश को नहीं समझती, तो आगामी विधानसभा चुनाव बिहार की राजनीति का नया अध्याय लिख सकते हैं, जिसमें सुशासन नहीं, जनाक्रोश निर्णायक भूमिका निभाएगा। जनता के लिए भी यह चुनाव एक अवसर है कि वे विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करें, न कि जाति या चहेते दल के नाम पर।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# उपार्जन प्रक्रिया को बाधित करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करें : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में समर्थन मूल्य पर जारी मूंग उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में बाधा डालने वाले तथा प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। जिला उपार्जन समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला उपार्जन एवं उपखंड स्तरीय समिति उपार्जन के लिए पहुंच रहे किसानों की समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने डीआरसीएस और जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग को निर्देशित किया कि उपार्जन प्रक्रिया के दौरान

- जिला एवं उपखण्ड स्तरीय उपार्जन समितियां किसानों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चत करें
- समितियों के माध्यम से खाद एवं उर्वरक का सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाए



अनियमितता करने वाली समितियों और वेयरहाउसों को नोटिस जारी कर सख्त कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी स्कंध खुले में न रखा जाए। कलेक्टर ने जिला उपार्जन समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि उपार्जन प्रक्रिया के दौरान सतत रूप से उपार्जन केन्द्रोंका भ्रमण करें इसी के साथ संबंधित एसडीएम से समन्वय कर संयुक्त भ्रमण कर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राउंड लेवल के अधिकारियों एवं अधीनस्थ अमले तक निर्देशों का पालन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में खाद एवं उर्वरक वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की समितियों के माध्यम से निरंतर रूप से खाद्य का वितरण करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ऐसे क्षेत्र जहां पर खाद की आपूर्ति किया जाना कठिन हो उन क्षेत्रों की समितियां के माध्यम से खाद एवं उर्वरक का सुचारु वितरण सुनिश्चित किया जाए।

### संभागीय संयुक्त संचालक ने ली शिक्षा विभाग की बैठक

# स्कूलों में 100 फीसदी नामांकन का लक्ष्य पूरा करें अफसर और शिक्षक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभागीय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग जिला नर्मदापुरम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 1 से 12 तक विद्यार्थियों का शत प्रतिशत नामांकन करने का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि विद्यार्थी कक्षा 1 से 12 तक ड्रॉप आउट नहीं हो एक सप्ताह की अवधि में 3.0 पोर्टल पर नामांकन पूर्ण किया जाए। विद्यार्थियों की प्रोफाइल 100 फीसदी अपडेट होना चाहिए। पुस्तकों का 100प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कर विमर्श पर वितरण संख्या अपलोड करे, साइकिलों का वितरण पात्र छात्रों को अति शीघ्र कराया जाए, सभी शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो। प्रार्थना का समय अधिकतम 20 मिनट रखा जाए। जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी/सहायक संचालक, एडीपीसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, विकासखंड स्रोत समन्वयक, जनशिक्षक लक्ष्यानुरूप सतत विद्यालयों की मॉनिटरिंग करें। श्री वर्मा ने कहा कि प्रत्येक शाला में टाइम टेबल कक्षा बार और शिक्षक बार अनिवार्य रूप से बनाया जाए। कक्षा शिक्षण टाईम टेबल अनुसार शिक्षक कक्षा में जावे। कलेंडर अनुसार पाठ्यक्रम इकाई पूर्ण करे। प्राचार्य कक्षा अवलोकन वॉक चॉक एंड टॉक की तर्ज पर करे। किसी भी विद्यालय में



किसी शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर कालखंड रिक्त ना रहे। विद्यालय में बच्चों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जावे, विद्यालय में कोई अपराध न हो, बच्चों को स्व अनुशासन रहे। बाल कैबिनेट का गठन करे। श्री वर्मा ने कहा कि नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक माहौल में बदले। प्रत्येक शिक्षक एवं कर्मचारी की विद्यालय में समय पर उपस्थित रहे। खेल की गतिविधि का एक पीरियड टाइम में टेबल रखे। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाओं को अवसर दे। विद्यालय में उपलब्ध संसाधन मैदान के अनुरूप खेल कराएं। बच्चों से ली गई फीस का लेखा लेसर में लिखना सुनिश्चित करे, बच्चों को रसीद दे एवं पैसा बैंक में जमा करे। कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम 100त्न किए जाने का पूर्ण प्रयास करें। साथ ही यह सुनिश्चित हो कि हमेशा की तरह नर्मदापुरम जिले में परीक्षा की सुचिता अनवरत रहे। कक्षा 9वी में प्रवेशित छात्रों को बेसलाइन टेस्ट अनिवार्य रूप से हो। अतिथि शिक्षकों के नियोजन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी हो और विभागीय नियमानुसार ही अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। शिक्षा विभाग के सभी लोकसेवक मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 का पालन करें। वर्मा ने निर्देश दिए कि वित्तीय क्रय आदि प्रक्रियाओं में म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) का अक्षरशः पालन हो। प्रत्येक लोक सेवक की सेवा पुस्तिका विधिवत संधारित की जाए और सेवा अभिलेख पूर्ण रखे जाएं। विकासखंड स्तर पर जनशिक्षा केंद्र बार जानकारी पूर्ण रखी जाए। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा लोक सेवकों के वेतन का भुगतान संकुल प्राचार्यो के माध्यम से उपस्थिति पत्र को प्रमाणित करने के पश्चात ही किया जाए। सभी पात्र लोकसेवकों को क्रमोन्नति वेतनमान और समयमान वेतनमान का भुगतान समय से किया जाए। एक पेड़ मां के नाम प्रत्येक स्कूल अधिक से अधिक पौधें लगाए पोर्टल पर फोटो अपलोड कर प्रमाणपत्र डाउनलोड करे जिन बच्चों के पास मोबाइल नहीं वहां शिक्षक को जवाबदारी दे। संयुक्त संचालक द्वारा जिले के निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालयों के संदर्भ में डीईओ और सभी सांदीपनी विद्यालयों के प्राचार्यो को उन्होनें निर्देशित किया कि निर्माणाधीन विद्यालय भवनों का निरंतर निरीक्षण करते रहें एवं कार्य शीघ्र पूर्ण कर भवन विभाग को हैंड ओवर करने हेतु निर्माण एजेंसी को कलेक्टर के माध्यम से निर्देशित कराए। साथ ही सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश एवं अध्यापन के संबंध में निर्देशित किया गया कि शासन की मंशा अनुरूप इन विद्यालयों का शैक्षणिक स्तर उत्कृष्ट रहे। अनुरक्षण कार्य एसएमडीसी के अनुमोदन उपरांत ही कराए। कार्य की पूर्व फोटो एवं बाद की फोटो सुरक्षित रखे. विभागीय आयामों में नर्मदापुरम जिला सदैव प्रथम 10 जिलों में रहे इस हेतु निरंतर दृढ़ता से कार्य करें । समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय नर्मदापुरम से जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन, डीपीसी डॉ राजेश जायसवाल, उपसंचालक श्रीमती ज्योति प्रह्लादी, सहायक संचालक शानू कोरी, परख जैन, एडीपीसी राजेश गुप्ता, विनोद तिवारी एपीसी, संभागीय नोडल सांदीपनी विद्यालय सुदीप गौर, डीएन व्यास संभागीय आई.टी.सेल समन्वयक, उपस्थित रहे। डीईओ एवं डीपीसी राजेश जायसवाल द्वारा संयुक्त संचालक को आश्वस्त किया कि जिला शैक्षिक गतिविधियों में आपके मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा।

## सिद्धेश्वर शिवमंदिर की महिलाओं ने मनाया हरियाली सावन महोत्सव



**नर्मदापुरम।** गिन्नी कंपाउंड कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर शिवमंदिर में महिलाओं ने हरियाली सावन महोत्सव मनाया और शिव जी के भजन गाए. उक्त जानकारीदेते हुए डॉ.मयंक तोमर ने कहा कि श्रावण मास में महारुद्राभिषेक करने का का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। यह भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का एक शक्तिशाली तरीका माना जाता है. रुद्राभिषेक, भगवान शिव के रुद्र रूप का अभिषेक है, जिसमें शिवलिंग पर विभिन्न पवित्र पदार्थों से अभिषेक किया जाता है।डॉ. तोमर ने बताया हमारी कॉलोनी में स्थानीय निवासियों के सहयोग से पिछले 30 वर्षों से प्रत्येक सोमवार को यह रुद्राभिषेक किया जाता है. महिलाएं हर शाम एकत्र होती हैं और भगवान शिव के भजन और स्तुतियां गाती हैं।

## महामंडलेश्वर स्वामी माधवानंद गिरि का चतुर्थ निर्वाण महोत्सव सम्पन्न

**नर्मदापुरम।** सदगुरु देव,माधव संन्यास आश्रम संस्थापक ब्रह्मलीन काशी कैलाश पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री 108 स्वामी माधवानन्द गिरि जी महाराज की चतुर्थ निर्वाण महोत्सव साधु ,संत,पुजारी,भक्तगणों की उपस्थिति मे सम्पन्न। माधव संन्यास आश्रम मे प्रातः स्वामी माधवानन्द जी का पूजन, अभिषेक आचार्य पं. धनश्याम शर्मा के आर्चात्यव में स्वामी शंकरानन्द गिरि ,स्वामी आत्मानंद,मनोज चौकसे,हंस राय ने किया। गुरु चरणों में भजनांजली उदित नारायण तिवारी, आदित्य नारायण तिवारी, दामिनी पठारिया,ॠतु कुलश्रेष्ठ, आनंद नामदेव ने की तथा श्रध्दांजली सभा हुई।



## आयुध निर्माणी इटारसी द्वारा सीएचसी सुखतवा को 4.36 लाख की सामग्री भेंट की गई

**नर्मदापुरम।** नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व प्रोजेक्ट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्य महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी इटारसी द्वारा नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व कोष से शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुखतवा को 4 लाख 36 रूपए की सामग्री दान की गई। दान सामग्री में शमिल है वैक्यूम क्लीनर 02, प्लास्टिक चेयर 36,फ्लाइंग केचर मशीन 3, डिजिटल वेइंग स्केल 6, रूम थर्मामीटर,इलेक्ट्रिकली ऑपरेटिंग फ्लोर क्लीनर स्क्रबर,लेड टीवी 40 इंच, ग्लूकोमीटर, इनवर्टर विथ बैटरी, डिजिटल ब्लड प्रेशर मशीन, इस प्रकार कुल 73 नग सुखतवा सीबीएमओ डॉ आर एस मीना को आलोक कुमार अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किए गए।



## नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर विद्यार्थियों को दिलाया संकल्प

**तेन्दूखेड़ा/तारादेही!** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले नशामुक्ति जागरुकता पखवाड़े के तहत शुक्रवार को तारादेही हायर सेकंडरी स्कूल में अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरुपुडे एवं सिंग्रामपुर थाना प्रभारी राजीव पुरोहित की मौजूदगी में स्कूली बच्चों को जागरुक किया गया एसडीओपी डीएस ठाकुर ने विद्यार्थियों को नशे को नशा की जड़ बताते हुए सभी को इससे दूर रहने प्रेरित किया साथ ही इससे होने वाली आर्थिक सामाजिक व स्वास्थ्यगत क्षत्रियों से अवगत कराया उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसा अंधकार है जो न केवल व्यक्ति के जीवन को नष्ट कर देता है बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी अपने आगोश में ले लेता है थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहा कि नशा एक अभिशाप है जो न केवल परिवार और समाज को बल्कि पीढ़ियों को भी बर्बाद कर देता है उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को जागरुक करते हुए इस बुराई को जड़ से खत्म करने का संकल्प दिलाया तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरुपुडे ने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे की आदत से कैसे बचें सावधान रहने को लेकर विस्तार से जानकारी दी।



### बनखेड़ी में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

# जिला पंचायत सीईओ ने योजनाओं में प्रगति लाने के दिये सख्त निर्देश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत बनखेड़ी में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, एक बगिया मां के नाम, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं व अभियान की समीक्षा की गई एवं योजनाओं मे प्रगति के निर्देश दिए गये मनरेगा योजना अंतर्गत खेत तालाब कूप रिचार्ज कार्य जो जलगंगा अभियान मे लिए गये थे की पूर्णता के निर्देश दिए गये। एक बगिया मां के नाम अंतर्गत हितग्राही चयन की समीक्षा की गई सीईओ जिला पंचायत द्वारा सभी को प्रधानमंत्री आवास पूर्णता के निर्देश दिए गये सवच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वछता सर्वेक्षण जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। बैठक मे कररोपण, नलकर जलकर संपत्ति कर की वसूली की समीक्षा की गई बैठक मे जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी शैलेश ऊके, अभिषेक तिवारी, प्रीति बरकाड़े, जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक यंत्री उपयंत्री, पंचायतो के सचिव, उपयंत्री उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, चालक घंटेभर फंसा रहा, जबलपुर किया रेफर

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां हरे भरे जंगल से गुजरे इस मार्ग पर बंदर को बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई कार की रफ्तार इतनी तेज की कार चालक कार के अंदर ही फंसकर रह गई जिसके बाद ट्रैक्टर और लोगों की मदद से एक घंटे मशक्कत कर बाहर निकाला जा सका है लेकिन कार चालक की हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस द्वारा जांच की जा रही है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बोलेरो कार क्रमांक ख्20ृस 1537 जो तेंदूखेड़ा से माडनखेड़ा ग्राम जा रही थी लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गई इस हादसे में मामा भानेज घायल हुए हैं जिनको 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था लेकिन दोनों को





जबलपुर रेफर किया गया है

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की दोपहर साढ़े 3 बजे मुख्यालय से 10 किमी दूर दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर पांजी से 1 किमी दूर यह हादसा हुआ है जहां पर बोलेरो कार सवार लोग तेन्दूखेड़ा से अपने घर माडनखेड़ा जा रहे थे लेकिन सड़क पर बैठे व घूम रहे बंदरों को बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया कार पेड़ से टकरा गया हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और टकराने के बाद कार पेड़ से चिपक कर रह गई और कार चालक बुरी तरह फंस गया वहां से गुजर रहे राहगीर द्वारा पांजी ग्राम पहुंचकर घटना की सूचना लोगों की दी जहां गांव के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया गया लेकिन एक व्यक्ति को बाहर निकाल लिया गया लेकिन कार चालक बुरी तरह पेड़ और कार के बीच फंस गया जिसके बाद गांव के लोग दो ट्रैक्टरों लेकर पहुंचे और लोगों की मदद से बाहर निकालने का प्रयास किया गया जिसके बाद एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायल को निकलकर 108 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं घटना के अन्य घायलों को 108 की मदद से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया ।

### मेट्रो एंकर पचमढ़ी में धार्मिक आस्था का संगम नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

# श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आज से नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध नागद्वारी मेला शुरू हो गया है। पचमढ़ी में 10 दिन तक चलने वाले मेले का 29 जुलाई को होगा समापन। 10 दिन तक चलने वाले इस मेले में देशभर से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर नागद्वार गुफा मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हैं। मेले के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर एक बिंदु के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड की टीम, स्वास्थ्य विभाग का अमला, प्रशासनिक अधिकारियों की टीम निरंतर मॉनिटरिंग के लिए उपस्थिति रहेगी। मेले के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी इस वर्ष विस्तार किया गया है जिसमें संख्या के मान से अधिक संख्या में वाहन पार्किंग की जा सकेगी।

उक्त संबध में कलेक्टर सोनिया मीना ने नागद्वारी मेले की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नागद्वारी मंदिर पहुंच मार्ग में लगी लोहे की सीढ़ियों की मरम्मत सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में चलित शौचायलयों की



भी पर्याप्त संख्या तैनात रहे।

मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था की जाए। मंदिर में प्रवेश एवं निकासी के अलग-अलग द्वार पूर्व नियोजित कर लिए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्वाइंट पर ड्यूटी में संलग्न कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी एक पॉइंट पर ज्यादा समय तक भीड़ जमा न हो।

### स्वच्छता के लिए जागरूक करें

कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की उचित कार्य योजना तैयार की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जगह-जगह पर गार्बेज कलेक्शन प्वाइंट बनाए जाएं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए कि मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी करें। कलेक्टर ने कहा कि मेले के दौरान विभिन्न मंडल के पदाधिकारी से चर्चा कर एसटीआर के समन्वय से कचरे के प्रबंधन एवं कलेक्शन प्वाइंट को निर्धारित करें।

### कोई अप्रिय घटना न घटित हो

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में उपस्थित अधिकारी की त्वरित प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर स्थिति को सामान्य करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग एवं समन्वय से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का सफल संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला ड्यूटी में संलग्न सभी विभागीय अधिकारी श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आवागमन में उनकी सहायता करें।

# 12 इंच बारिश रिकॉर्ड: छतरपुर में कई घर गिरे, तीन लोगों की मौत

**रवीन्द्र व्यास। छतरपुर**

जिले में24 घंटे के दौरान हुई तेज बारिश में कई घर धराशायी हो गए। घर गिरने से एक बच्ची और एक युवक की मौत हो गई,जबकि नाले में बहने से एक युवक की जान हो गई। जिले में वर्षा ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। छतरपुर ब्लॉक में इस दौरान सर्वाधिक 12 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है। ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि ढीलापुर गांव में एक घर गिरने से आरती अहिरवार (16) की मौत हो गई,जबकि उनकी मां बच्ची बाई घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।, हथना गांव में अमल सिंह यादव(34) का घर गिरने से वह दब गया जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। थाना क्षेत्र के ही एक नाले में बहने के कारण एक युवक की मृत्यु हुई ।



सुबह नाले में बहा युवक का शव शाम को ओरछा रोड थाना क्षेत्र में मिला। नारायणपुर निवासी हरवंश राजपूत (25 वर्ष) साइकिल सहित सिद्धेश्वर मंदिर के पास नाले में बह गया। बताया गया है कि जब हरवंश रास्ता पार कर रहा था, तभी वह बहाव के साथ बह गया। रेस्यू टीम ने दिन भर उसकी तलाश की, जिसके बाद शाम को उसका शव बरामद मिला।

### इन बांधों के खोले गेट

लगातार हो रही बारिश के कारण उर्मिल, धसान जैसी नदियां उफान पर हैं। इन पर बने बांध के गेटों को खोला गया है। उर्मिल नदी पर बने सिंगपुर बांध के दो गेट, धसान नदीपर बने बान सुजारा बांध के 3 गेट, कुटनी नदी पर बने कुटनी बांध के भी तीन गेट खोले गए। बन्ने नदी पर बने रनगुंवा बांध के 14 गेट खोले गए, लहचूरा बांध के 13 गेट खोले गए। बांध के गेट खुलने से नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। वहीं उर्मिल बांध के गेट उत्तर प्रदेश में सिंचाई विभाग द्वारा खोले जाने से कई गांवों में पानी भर गया ।



बारिश से बचने के लिए बच्चों का अस्थाई सहारा।

## जंगली जानवर के हमले में महिला की मौत, तेंदुआ या बाघ होने का शक

**छिंदवाड़ा।** परासिया क्षेत्र में भोकई के जंगल में एक वन्य प्राणी के हमले में एक महिला की जान चली गई। चंपीबाई खेत जाने के लिए निकली थी। बाद में उसका शव जंगल में मिला। महिला के सिर पर गंभीर चोटें थीं। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला किसी तेंदुए या बाघ जैसे जंगली जानवर ने किया है। वन विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। यह घटना रावनवाडा शिवपुरी थाना क्षेत्र के भोकई के जंगल में हुई। 40 वर्षीय महिला चंपी बाई खेत जाते समय जंगल से गुजरी तभी किसी जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसकी मौत हो गई। महिला के सिर पर गंभीर घाव थे। उसकी सिर की हड्डियां भी टूटी हुई थीं। इससे पता चलता है कि हमला बहुत ही भयानक था। इस इलाके में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए देखे जा रहे हैं।



## पार्षदों ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण, बरसात में व्यवस्था सुधारने के निर्देश



**इटारसी।** नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का शुक्रवार को क्षेत्रीय पार्षद अमित विश्वास एवं कुंदन पाठक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने बरसात के मौसम में रात्रि विश्राम करने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। दोनों पार्षदों ने रैन बसेरा की साफ-सफाई, छत की सीलन, बिस्तरों की स्थिति, शौचालय व पीने के पानी की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर पालिका कर्मचारियों जगदीश पटेल एवं कमल कांत बड़गोती को आवश्यक सुधार कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद अमित विश्वास ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची राजनीति है और रैन बसेरा जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। वहीं कुंदन गौर ने कहा कि बरसात के मौसम में कोई भी बेघर व्यक्ति असुरक्षित महसूस न करें, यही हमारा उद्देश्य है।

## सनफार्मा लेबोरेट्रीज द्वारा 12 हजार 500 पौधे मियावाकी पद्धति से रोपे गए



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में मेसर्स सनफार्मा लेबोरेट्रीज द्वारा औद्योगिक क्षेत्र क्रं.1 में 12 हजार 500 पौधो का मियावाकी पद्धति से पौधारोपण किया गया। साथ ही कलेक्टर ने जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खिलाड़ी कुमारी लक्षिता लश्करी को जंपरोप के लिए एकल प्रतियोगिता जापान में भाग लेने के लिए मेसर्स इफका लेबोरेट्रीज द्वारा सीएसआर मद से दिये गये दो लाख रूपये का चेक सौंपा। मियावाकी पद्धति से पौधारोपण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि पौधारोपण एक प्रेरणादायी कार्य है, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मियावाकी पद्धति कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी है। मियावाकी पद्धति से कम जगह में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगा सकते हैं। मियावाकी प्लांटेशन जैव विविधता को भी बढ़ाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को इस कार्य से प्रेरित होने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र देवास आरएस डावर एवं मेसर्स सनफार्मा लेबोरेट्रीज के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## खुशी के पल संस्था ने बच्चों की सुविधा के लिए वितरित की दरियां एवं शिक्षा सामग्री



**बुरहानपुर।** मानव सेवा को समर्पित संस्था खुशी के पल द्वारा शा उ. मा. वि. पुरुषार्थी वार्ड बुरहानपुर में बच्चों की सुविधा के लिए दरियों का वितरण किया गया। संस्था की संयोजिका हरप्रीत कीर ने बताया कि संस्था द्वारा बच्चों को पढ़ाई में हो रही कठिनाई को देखते हुए यह दरियां वितरित की गई है ताकि बच्चे फर्श पर ना बैठें। संस्था द्वारा 60 बच्चों को पेंसिल, रबर, बिस्कुट आदि भी वितरित किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी मदद आश्वासन संस्था ने दिया इस उपलक्ष में शाला के प्राचार्य संजय कुमार अगनानी, प्रमोद निकम, प्रेमलता महाजन, झूमा सिसोदिया, शिल्पा शेवाले और संस्था से जुड़ी सदस्य रिचा सलूजा,वर्षा बतरा, मिनाक्षी शर्मा, प्रमिला सागरे आदि उपस्थित थे

### जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर: शासन- प्रशासन की कुपोषण मुक्ति की सारी कवायदें कागजी

# अशोकनगर जिले में कुपोषण का दंश जुलाई में 14 गंभीर पीड़ित बच्चे मिले

**अशोकनगर। दोपहर मेट्रो**

कुपोषण को लेकर तमाम तरह की कवायद समय-समय पर शासन और प्रशासन की ओर से की जाती हैं, लेकिन इसके बावजूद कहीं ना कहीं किसी न किसी जिले में कुपोषण के मामले सामने आ ही जाते हैं। इसी कड़ी में अशोकनगर जिले में एक बार फिर कुपोषण अपने पांव पसार रहा है। हैरानी की बात ये है कि जुलाई माह के महज 16 दिनों में अब तक 14 नए कुपोषित बच्चों के मामले सामने आ चुके हैं, जिन्हें जिले के अलग-अलग हिस्सों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन बच्चों को जब उल्टी, दस्त और बुखार जैसी समस्याएं हुईं, तो माता-पिता उन्हें खुद अस्पताल लेकर पहुंचे। मेडिकल जांच के बाद इनके कम वजन और शारीरिक कमजोरी को देखते हुए इन्हें कुपोषित मानते हुए भर्ती किया गया। बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए इनमें से 6 को पीआइसीयू, 4 को चिल्ड्रन वार्ड और 4 को एनआरसी में भर्ती किया गया है। डॉक्टर्स के मुताबिक फिलहाल सभी की हालत स्थिर है।



### विभागों की लापरवाही उजागर

इस पूरे मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। अधिकतर माता-पिता का आरोप है कि उनके घर कभी भी कोई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण आहार लेकर नहीं आया। खिचड़ी, दलिया या अन्य पोषण सामग्री देना तो दूर की बात है, बच्चों के बीमार होने पर जब वे खुद अस्पताल पहुंचे, तभी उन्हें पहली बार पता चला कि उनका बच्चा कुपोषित है। हालांकि अब प्रशासन इस पूरे मामले की पड़ताल में जुट गया है और कहां कमी हुई है इसकी जांच की जा रही है।

### कुपोषित बच्चों के रजिस्टर्ड आंकड़े

भोपाल में 27 प्रतिशत, इंदौर में 45 प्रतिशत, उज्जैन के 46 प्रतिशत और ग्वालियर चंबल में लगभग 35 फीसदी बच्चे गंभीर कुपोषण वाली सूची में रजिस्टर्ड हैं। कुपोषण के यह आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में बच्चों के पोषण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसके लिए आवंटित बजट को या तो खुर्द-बुर्द किया जा रहा है या फिर इसमें गंभीर भ्रष्टाचार की आशंका है।

### बच्चों का वजन रेड जोन में

बता दें कि प्रदेश में कुपोषण एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। प्रदेश के 55 जिलों में से 45 जिलों के बच्चों में कम वजन के मामले रेड जोन में पाए गए हैं। कुपोषण से लड़ने के लिए 4895 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है लेकिन प्रदेश की 97 हजार आंगनबाड़ियों में 38 फीसदी बच्चे कुपोषण की चपेट में पाए गए।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने जताई थी चिंता

पूर्व सीएम कमलनाथ ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाने और बच्चों के लिए पोषण आहार सुनिश्चित किए जाने की मांग की थी। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों का कुपोषण का शिकार होना प्रदेश के भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है। जब बच्चे ही स्वस्थ नहीं होंगे तो प्रदेश का क्या भविष्य होगा?

### करणी सेना और राजपूत समाज ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई की मांग

## हरदा में करणी सेना पर हुए लाठी चार्ज का विरोध कर कहा-जिम्मेदारों को हटाएं

**सिवनी/मालवा। दोपहर मेट्रो**

करणी सेना और राजपूत समाज के समर्थन में ब्राह्मण समाज और लोवंशी समाज सहित अन्य समाज के युवा प्रदर्शन के लिए सामने आए। युवा बानापुरा के ओवर ब्रिज से एक विशाल रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें मांग की गई कि हरदा में करणी सेना के ऊपर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक जो लाठी चार्ज किया और वहीं छात्रावास में घुसकर युवकों को लाठियां से पीट कर बुरा हाल कर किया। धरना स्थल पर पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के ऊपर भी पुलिस ने अपना रूद्र रूप दिखाते हुए लाठियां से पीटते हुए का वीडियो जो वायरल हुआ है उसकी हम घोर निंदा करते हैं और तत्काल दोषी अधिकारों को निलंबित करके वहां से हटाने की मांग करते हैं। हरदा की इस शर्मनाक घटना को लेकर प्रदेश सहित देशभर में करणी सेना और राजपूत समाज विरोध जता रहा है। हरदा की घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। बताया गया कि आशीष राजपूत द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने मोहित एवं उमेश नामक व्यक्तिओं पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई थी तथा आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, किंतु बाद में उन्हें बिना पर्याप्त कार्यवाही के छोड़ दिया गया।



हीरा धोखाधड़ी मामले में स्वयं पीड़ित (फरियादी) को पुलिस द्वारा कोर्ट परिसर में बुलाया गया, जहां बताया गया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। इसके बावजूद फरियादी की बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।

इस दौरान जब पीड़ित पक्ष ने पुलिस से रिमांड एवं उचित पूछताछ की मांग की, तो थाने में उन्हें अपमानित किया गया तथा पुलिस द्वारा उनके साथ अभद्रता एवं लाठीचार्ज किया गया। यह लाठी चार्ज उन नागरिकों पर किया गया जो केवल शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने थाने पहुंचे थे। इसके पश्चात पीड़ित पक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे आम जनता में आक्रोश फैल गया और नागरिकों द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रारंभ किया गया। धरना समाप्त करवाने के लिए स्वयं थाना प्रभारी एवं तहसीलदार ने करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर को आमंत्रित किया और उनसे आग्रह किया कि वे धरना स्थल पर जाकर आंदोलन समाप्त कराएं। प्रशासन के इसी आग्रह को मानकर शेरपुर तय समय से पहले वहां पहुँचे। परंतु उनके पहुंचते ही पुलिस द्वारा पूर्व नियोजित तरीके से उन पर हमला कर दिया गया।

### गुड़भेली गांव की दर्दनाक घटना

## 11 साल के बच्चे की बेरहमी से हत्या, प्लास्टिक बैग में मिला शव, नाबालिग हिरासत में

**आगर मालवा। दोपहर मेट्रो**

जिले के बड़ौद थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़भेली में एक दुखद घटना घटी। एक 11 साल के बच्चे, आयुष मेघवाल की निर्मम हत्या कर दी गई। उसका शव गांव के ही एक घर के पीछे प्लास्टिक की थैली में मिला। पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया है और मामले की जांच कर रही है। बच्चे के माता-पिता राजस्थान में मजदूरी करते हैं। शाम को आयुष खेलने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात में उसका लहूलुहान शव गांव के एक घर के पीछे प्लास्टिक की थैली में बंद मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने दोपहर में डग रोड पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। वे संदिग्ध आरोपी का घर गिराने की मांग कर रहे थे। जांच में पता चला कि आयुष के सिर पर वार कर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस को शक है कि एक नाबालिग बालक ही इस हत्या में शामिल है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। आरोप है कि उसने आयुष के सिर पर खटिया के लकड़ी के पाये से हमला किया और फिर गला दबा दिया। लकड़ी के पाये से किए गए हमले से आयुष को गंभीर चोट आई।

**मेट्रो एंकर** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम: राष्ट्रीय स्तर पर 36 वां व राज्य स्तर पर 34 वां स्थान

## बुरहानपुर को मिली 3 स्टार रेटिंग और वाटर प्लस की उपलब्धि

**बुरहानपुर। दोपहर मेट्रो**

स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में देश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता पुरस्कार दिए। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम 17 जुलाई को दिल्ली से राष्ट्रपति की उपस्थिति में किया गया, इसमें बुरहानपुर शहर को 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में जिसमें 824 शहर में से राष्ट्रीय स्तर पर 36वां व राज्य स्तर पर 56 शहरों मे से 34वां स्थान प्राप्त हुआ, इस सर्वेक्षण में बुरहानपुर शहर ने पिछले सर्वेक्षण के परिणाम में सुधार करते हुए 3 स्टार एवं वाटर प्लस की उपलब्धि भी प्राप्त की है।

नगर निगम बुरहानपुर द्वारा 2023 में भी 3 स्टार रेटिंग में स्थान प्राप्त किया था की पहली बार शहर को वाटर प्लस की रेटिंग मिली है ओडीएफ में 3 स्टार पहले मिल चुका है यह बड़ी उपलब्धि है। निगम सफाई कर्मचारियों का 3 स्टार रेटिंग लाने में महत्वपूर्ण योगदान है सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण की घोषित किए गए परिणामों में नगर निगम बुरहानपुर को एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शेरों की श्रेणी में 36 वा स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छता में बुरहानपुर देश में 36वें पायदान पर आ गया है। शहर में सफाई व्यवस्था कचरा प्रबंधन में हमें 29 स्थान का फायदा हुआ है लेकिन हमारे नगर निगम की ओर से और अच्छा करने का प्रयास किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा जमा करने की स्थिति में तो सुधार हुआ है साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था भी की जा रही है ताकि अगली बार हम और अच्छा स्थान प्राप्त करेंगे।



### इटली ने शानदार प्रदर्शन कर अगले साल होने वाले मेन्स टी20 वर्ल्ड कप में अपनी जगह की पक्की

# खिलाड़ी भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में बिखेरेंगे जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**इटली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले साल होने वाले मेन्स टी20 वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी। इटली की टीम ने पहली पार किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया, ऐसे में ये उसके लिए ऐतिहासिक पल रहा। इटली ने टी20 वर्ल्ड कप यूरोप क्वालिफायर 2025 में दूसरा स्थान हासिल करके ये उपलब्धि हासिल की। अब इतालवी खिलाड़ी भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना जलवा बिखेरेंगे।**

इटली में फुटबॉल काफी लोकप्रिय है, हालांकि पिछले दो स्ऱद्धस्न वर्ल्ड कप के लिए इटली की फुटबॉल टीम क्वालिफाई नहीं कर पाई। वहीं 2026 के वर्ल्ड कप में भी इटली की फुटबॉल टीम का भाग लेना तय नहीं है। फुटबॉल टीम क्वालिफाई करे या ना करे। लेकिन क्रिकेट टीम ने जरूर टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

### इटली की टीम में किस देश के कितने प्लेयर?

इटली को टी20 वर्ल्ड कप टिकट दिलाने में बाहरी खिलाड़ियों का अहम रोल रहा है। नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में जिन 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया, उसमें से 5 का ताल्लुक ऑस्ट्रेलिया से था। वहीं दो खिलाड़ी एशियाई मूल थे। जबकि दो खिलाड़ियों का संबंध ब्रिटेन से भी है। जबकि 2 प्लेयर इतालवी मूल के थे।



**थॉमस ड्रेका:** सिडनी में जन्मे थॉमस ड्रेका ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मेगा ऑक्शन के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया था, जिसके चलते वो सुर्खियों में आए थे। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेनिस लिली इस खिलाड़ी के अंकल माने जाते हैं। ड्रेका की मां इतालवी मूल की हैं और उनका ताल्लुक नेपल्स के पास के एक गांव से है। इसी कारण ड्रेका को इटली के लिए खेलने का मौका मिला।

**जो बर्न्स:** इस खिलाड़ी के नाम से तो फैन्स अच्छी तरह वाकिफ होंगे। बर्न्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 23 टेस्ट और 6 वनडे मुकाबले खेले। साल 2024 में अपने बड़े भाई डोमिनिक के निधन के बाद उन्होंने इटली के लिए खेलने का निर्णय लिया। बर्न्स के नाना-नानी कैलाब्रिया से थे, जिसके चलते उन्हें इटली के लिए खेल पाने में आसानी हुई।

**हैरी जॉन मैनेंटी:** बिग बैश लीग में हैरी मैनेंटी एडिलेड स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। हैरी इटली के ऐसे पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने किसी टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया में जन्मे हैरी की क्रिकेट जर्नी ग्रासरूट लेवल से शुरू हुई थी। ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते हैरी टी20 वर्ल्ड कप यूरोप क्वालिफायर में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

**ग्रांट स्टीवर्ट:** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे ग्रांट स्टीवर्ट की मां इटालियन हैं, जिसके कारण वो इटली की टीम में शामिल हुए। स्टीवर्ट ने साल 2017 में केंट के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया।

**एमिलियो गे:** 25 साल के एमिलियो का जन्म इंग्लैंड के ब्रेडफोर्ड में हुआ था। बाएं हाथ के बल्लेबाज एमिलियो की मां इतालवी हैं, जिसके चलते उन्हें इटली के लिए खेलने में आसानी हुई है।

**मार्कस कैंपोपियानो:** विकेटकीपर बल्लेबाज मार्कस कैंपोपियानो का जन्म टावर हैमलेट्स (इंग्लैंड) में हुआ था। 30 साल के मार्कस ने इटली के लिए 22 टी20 इंटरनेशनल और 19 लिस्ट-ए मुकाबलों में भाग लिया है।

**जस्टिन मोस्का:** जस्टिन मोस्का का जन्म इटली में हुआ था। जस्टिन को कम उम्र में ही क्रिकेट का शौक हो गया था, जिसके चलते उन्होंने इस खेल में आगे बढ़ने का फैसला किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने इटली के लिए 17 टी20 इंटरनेशनल और 9 लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं।

**एंथोनी जोसेफ मोस्का:** दाएं हाथ के बल्लेबाज एंथोनी मोस्का का जन्म अगस्त 1991 में हुआ था। एंथोनी ने इटली टीम के लिए खेलने से पहले यहां काफी क्लब क्रिकेट खेला। एंथोनी मोस्का ने अब तक इटली के 15 टी20 इंटरनेशनल और 19 लिस्ट-ए मैचों में भाग लिया है।



# पेनल्टी शूटआउट में स्वीडन को हराकर इंग्लैंड यूरो 2025 के सेमीफाइनल में

**ज्यूरिख, एजेंसी**

**इंग्लैंड ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में स्वीडन को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।**

जब निर्धारित समय का खेल समाप्त होने में 12 मिनट का समय बचा था तब गत चैंपियन इंग्लैंड दो गोल से पीछे चल रहा था। उसने लूसी ब्रोंज (79वें) और स्थानापन्न मिशेल अग्येमांग (81वें) के गोल की मदद से स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल करके खिताब बचाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

इससे पहले कोसोवरे अस्लानी ने स्वीडन को दूसरे मिनट में ही बढ़त दिला दी थी जिसे स्टिना ब्लैकस्टेनियस ने 25वें मिनट में दोगुना कर दिया था। महिला यूरो के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी टीम ने नॉकआउट मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की है। सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को इटली से होगा।

### उद्घाटन 23 को, 3 करोड़ से अधिक के इनाम

# डूरंड कप : 5 राज्यों में खेले जाएंगे मैच और 24 टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता डूरंड कप इस वर्ष नए रिकॉर्ड और भव्य आयोजनों के साथ होने जा रही है। कोलकाता के एओआई विजय दुर्ग में आयोजित ट्रॉफी अनावरण समारोह के दौरान 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।

**तीन ट्रॉफी का अनावरण** – इस अवसर पर प्रतियोगिता की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों डूरंड कप, शिमला ट्रॉफी (1904 से) और प्रेसिडेंट्स कप (स्थायी रूप से विजेता के पास रहता है) का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उनके साथ थे आईएएस राजेश कुमार सिन्हा, आयोजन समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा और उपाध्यक्ष, डूरंड आयोजन समिति मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे उपस्थित थे। इस मौके पर आईएएस राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, डूरंड कप ने पिछले छह वर्षों में कोलकाता में फिर से अपनी गरिमा प्राप्त की है।

### इनामी राशि 3 करोड़ से अधिक, तीन को एसयूवी

लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने घोषणा की कि इस बार 3 करोड़ से अधिक इनामी राशि रखी गई है, जो पहले के 1.2 करोड़ से कहीं अधिक है। तीन व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को एसयूवी गाड़ियां दी जाएंगी। यह भारतीय फुटबॉल प्रतिभाओं को सम्मान और प्रोत्साहन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


## मैनचेस्टर टेस्ट से पहले भारतीय टीम ने शुरू की प्रैक्टिस



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले टीम इंडिया ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम बेकेनहैम के काउंटी ग्राउंड में प्रैक्टिस करती दिखी। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया ने केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर 17 जुलाई को प्रैक्टिस की। 18 जुलाई को टीम ब्रेक लेगी जबकि 19 जुलाई को टीम इंडिया को मैनचेस्टर के लिए ट्रैवल करना है। इसके बाद की प्रैक्टिस भारतीय टीम 20 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में ही करेगी।इंग्लैंड 2-1 से आगे दोनों टीमों के बीच पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने 5 विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि दूसरे टेस्ट को इंडिया ने जीता था। तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को हराया। 5 मैच की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 2-1 से आगे है। ऋषभ पंत फिट लॉर्ड्स टेस्ट के पहले इनिंग में विकेटकीपिंग करते समय ऋषभ पंत को उंगली में चोट लग गई थी, जिसके बाद वह आगे के मैच में कीपिंग नहीं कर पाए।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## 4 हफ्तों से टीआरपी में नंबर 1 पर तारक मेहता, जेठालाल-बबीता के गायब होने का नहीं पड़ा फर्क

तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले सालों से ऑडियंस को एंटरटेन कर रहा है। लेकिन शो के हॉरर ट्रैक ने गर्दा ही उड़ा दिया है। भूतनी चकोरी का ट्रैक लोगों को इतना पसंद आया है कि इसने टीआरपी रेटिंग में धूम मचा दी है। शो की व्यूअरशिप में उछाल आया है। असित मोदी के शो ने अनुपमा को बार्क रेटिंग में दूसरे नबंर पर धकेल दिया है। वीक 27 की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है। हैट्रिक रचने के बाद तारक मेहता शो चौथी बार नंबर 1 बना है। ये मेकर्स के लिए बड़ी उपलब्धि है। करंट स्टोरीलाइन ने यूजर्स को क्रेजी कर दिया है। चकोरी की एंट्री, पोपलटलाल की शादी का सेगमेंट लोगों को बहुत भाया है। हैरान वाली बात ये है कि हॉरर ट्रैक का हिस्सा ना तो दिशा वकानी हैं और ना ही दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता।.. शो के 3 अहम किरदारों के गायब रहने के बाद शो ने अपनी बादशाहत बनाए रखी है। शो को इस हफ्ते 2.6 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते ये रेटिंग 2.5 थी। अपकमिंग एपिसोड में चकोरी का ट्रैक खत्म होने वाला है, उसके बाद शो टीआरपी में कैसा परफॉर्म करेगा, ये देखने वाली बात होगी। टीआरपी में दूसरे नंबर पर अनुपमा है। रुपाली गांगुली के शो 2.0 रेटिंग मिली है। एक्ट्रेस अद्रिजा रॉय ने पिंकविला से बातचीत में गिरती टीआरपी पर रिएक्ट किया है। वो कहती हैं- टीआरपी कभी-कभी एक मिस्ट्री बन जाती है। जब हमें लगता है कि हमने बेस्ट दिया और कहानी में दम है, तब कुछ हफ्ते ऐसे होते हैं जब नंबर्स उस मेहनत को नहीं दर्शाते हैं।

## अभिनेत्री संगीता बिजलानी को हुआ तगड़ा नुकसान

# फार्महाउस में चोरी-तोड़फोड़ पुलिस ने शुरू की जांच



बॉलीवुड की चमक-दमक और मॉडलिंग की दुनिया में बिजली के नाम से मशहूर संगीता बिजलानी मुश्किलों में फंस गई हैं। दरअसल, पुणे जिले के मावल स्थित उनके फार्महाउस में चोरी हो गई है, ऐसी खबरें आ रही हैं। चोरों ने पूरे फॉर्महाउस में जमकर उत्पात मचाया है। पुलिस ने अब मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बारे में तब पता चला जब एक्ट्रेस कई महीनों बाद अपने फॉर्महाउस पर पहुंचीं। पुणे ग्रामीण पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक एक्ट्रेस संगीता बिजलानी ने कहा, फॉर्महाउस के मेन गेट और खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी। एक टीवी सेट गायब था, बिस्तर और रेफ्रिजरेटर सहित कई घरेलू सामान के साथ सीसीटीवी कैमरे के साथ तोड़फोड़ की गई है।

**संगीता बिजलानी ने क्या बताया?–** संगीता ने पुणे ग्रामीण एसपी संदीप सिंह गिल को शिकायत में कहा, मैं अपने पिता की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण फार्महाउस नहीं जा पाई थीं। आज मैं अपनी दो हाउसहेल्प के साथ फार्महाउस गई थी। वहां पहुंचते ही मुझे यह देखकर झटका लगा कि मेन गेट टूटा हुआ था। जब हम अंदर गए तो खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी, एक टीवी सेट गायब था और दूसरा टूटा हुआ था। इसके अलावा उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि चोरों ने टॉप फ्लोर पर काफी तोड़फोड़ की है। सभी बिस्तर टूटे हुए थे, और कई घरेलू सामान और कीमती सामान चोरी हो गए।

### पुलिस ने इस घटना पर क्या कहा?

वहीं लोनावला पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर दिनेश तायडे ने पीटीआई को बताया कि जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है। नुकसान और चोरी की जांच पूरी होने के बाद हम केस दर्ज करेंगे। बता दें कि संगीता बिजलानी ने महज 16 साल की उम्र में मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा था। 1980 में मिस इंडिया का ताज जीतने के बाद संगीता ने बॉलीवुड की राह पकड़ी। जिसके बाद उन्होंने त्रिदेव, विष्णु देवा, और युगांधर जैसी फिल्मों में काम किया।



**मेट्रो बाजार**

## विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.48 अरब डॉलर घटकर 588.81 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 49.8 करोड़ डॉलर घटकर 84.35 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.80 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 2.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.71 अरब डॉलर रहा।

## रिलायंस रिटेल ने फ्रिज कंपनी केल्विनेटर को खरीदा, मूल्य 160 करोड़ आंया गया

नई दिल्ली। रिलायंस रिटेल ने समूचे भारत में तेजी से बढ़ते 'प्रीमियम' घरेलू उपकरणों के बाजार में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए केल्विनेटर के अधिग्रहण की घोषणा की। इसका सौदा मूल्य करीब 160 करोड़ रुपये आंका गया है। रिलायंस रिटेल ने पहले इलेक्ट्रोलक्स होम प्रोडक्ट्स इंक से लाइसेंस के तहत केल्विनेटर ब्रांड का इस्तेमाल किया है। यह ब्रांड भारत में रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, एयर कूलर और वाशिंग मशीन सहित कई उत्पादों की पेशकश करता है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम. अंबानी ने कहा, ''केल्विनेटर का अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो हमें भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीय वैश्विक नवाचारों की हमारी पेशकश को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाने में सक्षम बनाता है। यह हमारे बेजोड़ पैमाने, व्यापक सेवा क्षमताओं और बाजार में अग्रणी वितरण नेटवर्क के जरिये समर्थित है।




रिलायंस रिटेल ने हालांकि अधिग्रहण के मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन इलेक्ट्रोलक्स ग्रुप ने 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा कि '' इसकी परिचालन आय में भारत में केल्विनेटर ट्रेडमार्क खंड के 18 करोड़ एसईके (स्वीडन मुद्रा) यानी करीब 160 करोड़ रुपये के विनिवेश का प्रभाव शामिल है... रिलायंस रिटेल ने कहा कि केल्विनेटर ब्रांड के अधिग्रहण से भारत के तेजी से बढ़ते उपभोक्ता टिकाऊ क्षेत्र में कंपनी की अग्रणी स्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# दिवंगत आईपीएस मनीषशंकर की स्मृति में पौधरोपण व अवाइर्स





**भोपाल।** मप्र पुलिस के स्पेशल डीजी स्व. मनीष शंकर शर्मा की स्मृति में उनकी अद्वितीय सेवा, दूरदर्शिता एवं नेतृत्व को नमन करने आज से एमएसएस सपोर्ट फाउंडेशन ने विशेष आयोजन शुरू किये हैं। इसमें आज पहले दिन स्व शर्मा की स्मृति में बरगद का रोपण और मेमोरियल इंक्यूबेशन सेल का शुभारंभ शामिल है। यह बीएसएसएस कॉलेज परिसर में हुआ। कल स्व शर्मा की स्मृति में व्याख्यान, एमएसएस अवॉर्ड्स और विशेष फिल्म स्क्रीनिंग का कार्यक्रम है। यह शाम पांच बजे श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय ऑडिटोरियम में होगा। वार्षिक स्मृति व्याख्यान का विषय 21वीं सदी में भारत की सुरक्षा– बदलते वैश्विक परिदृश्य में रणनीतिक प्राथमिकताएँ होगा। इसमें डीजीपी कैलाश मकवाना मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिये स्मिता पंत, आईएफएस, विंग कमांडर (से.नि.) तनुश्री पंत, दिव्या पंत, ईशा पंत आईपीएस को तथा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मरणोपरांत डॉ. सुरेंद्र शुक्ल को प्रदान किया जाएगा।

# बस का पहिया सिर पर चढ़ा महिला की दर्दनाक मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में शुक्रवार शाम दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। महिला अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से मदिंर जाने के लिए निकली थी, तभी गायत्री मंदिर के पास मंडीदीप से कर्मचारियों को छोड़ने पहुंची बस की चपेट में आ गई। दरअसल, सड़क पर बने गड्ढे से बाइक अनियंत्रित होकर गिरी और बाइक सवार



महिला के सड़क पर गिरते ही पहिया सिर से होता हुआ गुजर गया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने बस जब्त कर ली है। सड़क पर बना गड्ढा बना मौत का कारण, बरखेड़ा पठानी में गायत्री मंदिर के पास हादसा पुलिस के अनुसार किरण पति रामराज (48) टू–सी साकेत नगर में रहती थी। वह गृहणी?थीं। शुक्रवार शाम वह परिचित के साथ बाइक से मंदिर जाने के लिए निकली थी। किरण और परिचित शाम करीब साढ़े 6 बजे के आसपास बरखेड़ा पठानी मार्केट पहुंचे। वहां से गायत्री मंदिर के पास पहुंचते ही उनकी बाइक सड़क पर बने गड्ढे से अनियंत्रित हो गई। इस दौरान उनके बगल से बस चल रही थी। बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से पीछे बैठी किरण सड़क की तरफ गिरी थी । और बस का पहिया उनके सिर से होता हुआ गुजर गया। भीड़भाड़ के बीच हुआ हादसा उल्लेखनीय है कि यहां शाम के समय भीड़भाड़ रहती है और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। साथ ही सड़क पर जगह–जगह गड्ढे हो गए है। जाम के बीच गड्ढे होने से बाइक और दोपहिया वाहन चालकों को मशक्कत करनी पड़ रही है। जिस समय हादसा हुआ उस समय बस की रफ्तार काफी कम थी।


# मेट्रो प्रोजेक्ट सहित पीठों पर पुलिस ने दिलाई नशा नहीं करने की शपथ

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नशे से दूरी- है जरूरी अभियान के तहत राजधानी के सभी थाना क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में छात्र–छात्राएं, स्कूल स्टॉफ, नागरिक और भारी संख्या में महिलाएं सहित बच्चे मौजूद रहे। संवाद के दौरान थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशे के खिलाफ अभियान में भागीदारी निभाने के लिए अपील की। नशे से दूरी वाले पोस्टर वितरित किए गए, साथ ही नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई। गौतम नगर की इंदिरा सहायता नगर झुग्गी में पहुंचकर पुलिस ने नशा मुक्ति के संबंध में शपथ दिलाई। नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और नशा मुक्ति हेल्पलाइन की जानकारी दी। कोतवाली क्षेत्र के नूर महल रोड एवं लाल मस्जिद पर आम जनों को नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। हांगीराबाद अंतर्गत निर्माणाधीन मेट्रो प्रोजेक्ट स्थल पर कार्यरत कर्मचारी, अधिकारियों को थाना स्टाफ द्वारा व्याख्यान दिया गया एवं नशा नहीं करने के लिए शपथ दिलाई। थाना टीला जमालपुरा क्षेत्र की हरिजन बस्ती झुग्गी क्षेत्र में थाना स्टाफ के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों एवं महिलाओं तथा पुरुषों को जागरूक किया गया। एवं समझाइश दी गई कि नशे से दूरी है है जरूरी।

### पत्नी ने पिलर पर रस्सी के सहारे लटका देखा शव

# निर्माणाधीन सांदीपनि स्कूल की दूसरी मंजिल पर मजदूर ने लगाई फांसी





भोपाल, दोपहर मेट्रो

**गौतम नगरथाना क्षेत्र स्थित शीतल नगर में निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल की दूसरी मंजिल पर मजदूर ने फांसी लगा ली। उसकी लाश पत्नी और अन्य मजदूरों ने सेकंड फ्लोर के पिलर पर रस्सी के सहारे लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी।**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्गकायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मृतक की पत्नी से पूछताछ करेगी।

पुलिस के अनुसार प्रहलाद सेन पिता मुन्ना सेन (35) मूलतः गुना का रहने वाला था। वह पत्नी के साथ शीतल नगर में बन रही संदीपनी स्कूल की निर्माणाधीन मल्टी में काम कर रहा था। परिवार यहीं स्कूल के पास टपरा बनाकर रहता है। शुक्रवार शाम तक उसने काम किया। इसके बाद अपने टपरे में चला गया। रात करीब 9 बजे से वह बिना बताए कहीं चला गया था। पत्नी उसकी तलाश कर रही थी। मजदूरों को पता चला कि वह टपरे पर नहीं आया और लापता है तो मजदूर भी प्रहलाद की पत्नी के साथ उसकी तलाश करने लगे। उसे निर्माणाधीन बिल्डिंग में देखने पहुंचे तो शव सेकंड के पिल्लर पर रस्सी के सहारे लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## बीमारी से परेशान लापता युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मालीखेड़ी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह गुरुवार शाम चार बजे से लापता था। परिजन उसकी यहां वहां तलाश करते रहे। शुक्रवार शाम परिजन घर में अंदर की तरफ बने स्टोर में पहुंचे तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे गंभीर बीमारी थी और उसका डायलिसिस होताथा। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। एएसआई जगतपाल ने बताय कि राहुल मेहरा पिता नर्मदा प्रसाद मेहरा (30) ग्राम मालीखेड़ी, छोला मंदिर इलाके में रहताथा। वह चाउमिन के ठेले पर काम करताथा। गुरुवार शाम करीब चार बजे वह बिना बताए घर से कहीं चला गया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल रहाथा। राहुल का छोटा भाई शुक्रवार दोपहर किसी काम से घर में अंदर की तरफ बने स्टोर रूम में पहुंचा तो उसने राहुल की लाश फांसी के फंदे पर देखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहुल की लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। पुलिस ने स्टोर रूम और घर की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन से पूछताछ में पता चला कि लंबे समय से उसकी तबीयत खराब रहती थी। तलाश करते रहे परिजन, घर के ही स्टोर रूम में फांसी पर मिला शव आलम यह हो गए कि समय समय पर उसे डायलिसिस कराना पड़ाताथा। इससे वह परेशान हो गया था। बीमारी के कारण उसकी शादी भी नहीं हुईथी।

# स्टेशन पर जालसाज ने मांगा सेनानायक का मोबाइल, खाते से उड़ाए सवा लाख

**मोबाइल का पासवर्ड देखकर की वारदात**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर एक जालसाज ने सेना के नायक का मोबाइल बात करने लिए मांगा और लेकर फरार हो गया। मोबाइल और उसके अंदर रखा एटीएम हाथ लगने के बाद बदमाश ने मोबाइल और एटीएम के माध्यम से एक लाख तीस हजार रुपए की रकम निकाल ली। घटना की शिकायत सेना नायक ने जीआपी से की?थी।

जीआरपी ने चोरी और ठगी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार अनिल कुमार वर्मा पिता भगवानदास (32) ग्राम टिकाथर पोस्ट धुमरी, जिला एटा उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग आर्मी में सेना नायक बतौर 3 ईएमई सेंटर 102 इंजीनियर रेजीमेंट रोड, भोपाल थाना शाहजहांनाबाद में हैं।

उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि गत 16 जुलाई की दोपहर वह ढाई बजे वह भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 की सीढ़ियों पर खड़े थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और कहने लगा




कि मुझे पटना जाना है। पटना जाने के लिए ट्रेन कब मिलेगी। अनिल ने अपना मोबाइल निकाला और उसमें ट्रेन सर्च करकर बताया कि शाम साढ़े 5 बजे ट्रेन आएगी। वह कहने लगा कि मुझे कुछ पैसों की जरूरत हैं। मुझे नगद हो तो दे दो मैं फोनपे से तुम्हारे खाते में ट्रांसफर करवा देता हूं। इतना कहने के बाद अनिल ने अपना मोबाइल का पासवर्ड डाला तो उसने देख लिया। इसके बाद अनिल से बात करने के लिए मोबाइल मांगा था। अनिल ने उसे मोबाइल बात करने के लिए दे दिया। वह बात करते हुए इधर-उधर हुआ और अचानक धोखा देकर फरार हो गया। उनके मोबाइल के कवर में एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड भी रखा था। उनका रिजर्वेशन शताब्दी एक्स के सी 6 बर्थ पर था और वे ट्रेन में बैठ कर चले गए। उन्होंने मोबाइल और एटीएम चोरी होने की बात पत्नी को बताई और एटीएम ब्लॉक कराने का कहा। पत्नी बैंक पहुंची तो खाते से निकल चुके थे रुपए सेना नायक की पत्नी एसबीआई बैंक पहुंची और एटीएम सहित खाते पर होल्ड लगाने की बात कही। इस पर पत्नी ने बताया कि खाते में सिर्फ 699 रुपए ही बचे हैं। सेना नायक आगरा से लौटकर आए।

# बांग्लादेशी नागरिक के पास मिला भारतीय पासपोर्ट, जांच




भोपाल, दोपहर मेट्रो

तलैया थाना क्षेत्र में करीब आठ साल से अपनी पहचान छिपाकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक अब्दुल के पास तलैया पुलिस को पासपोर्ट मिला है। उसनं पासपोर्ट कैसे बनाया इसकी जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय एजेंसी भी अब जांच में शामिल हो गई है।

बांग्लादेश का नागरिक होने के बाद भी अब्दुल का भारत का पासपोर्ट कैसे बन गया। यह बड़ा सवाल है। अब्दुल तलैया के बुधवारा इलाके में किन्नरों के साथ

रह रहा था और वह अब्दुल से नेहा किन्नर बन गया था। पुलिस जांच के बाद उसके खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाने का मामला दर्ज कर सकती है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अब्दुल उर्फ नेहा ने राजधानी के किसी लोकल नेटवर्क की मदद से फर्जी दस्तावेज बनवाएं है। उसके स्लीपर सेल से जुड़े होने की भी संभावना जताई जा रही है। अब तक की जांच में सामने आया कि अब्दुल बांग्लादेश से मुंबई और फिर भोपाल पहुंचा था।






**मेट्रो एंकर** 7वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल

# एसएएफ में अनुशासन एवं मर्यादित जीवन अभियान व सैनिक सम्मेलन

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सेनानी 7वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, भोपाल हितेश चौधरी के अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं आवासीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। अनुशासन एवं मर्यादित जीवन अभियान इन दिनों संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का प्रारंभ सात कर्मचारियों से किया गया था।

वर्तमान में इकाई में 13 कर्मचारी इस अभियान से जुड़ चुके है। सभी 13 कर्मचारियों को मोटिवेशनल सेमिनार हेतु भेजा गया। उक्त सेमिनार एवं सेनानी के प्रयास के प्रभावस्वरूप 2 कर्मचारियों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से पूर्णतः विमुक्त होने का संकल्प लेते हुए स्वस्थ एवं मर्यादित जीवन शैली को




अपनाया गया। उक्त अभियान के संचालन में निरीक्षक मुख्य समवाय संदीप राजावत एवं सउनि राजेन्द्र गुर्जर का विशेष योगदान रहा।

चॉधरी द्वारा उत्साहवर्धन स्वरूप अधिकारी, कर्मचारियों सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समस्त कर्मचारियो द्वारा इस प्रेरक एवं कल्याणकारी पहल हेतु सेनानी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अगली कड़ी एशियन योगासन स्पोर्टस चैम्पियनशिप में आरक्षक 132 सुरेश परमार द्वारा स्वर्ण पदक, अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में योगा इंवेट में महिला आरक्षक वर्षा परिहार एवं नेहा सिंह द्वारा रजत पदक, पॉवरलिफ्टिंग इंवेट में महिला आरक्षक कुसुमलता सरौते द्वारा रजत पदक तथा पेंचक सिलाट इंवेट में महिला आरक्षक तृप्ति पाण्डेय द्वारा स्वर्ण पदक अर्जितकताओं का सेनानी महोदय द्वारा बुके प्रदान कर सम्मान किया गया है।

### आवासीय परिसरों में मूलभूत सुविधा

आवासीय समिति की बैठक में सेनानी द्वारा वाहिनी की आवासीय परिसर में निवासरत पुलिस परिवारों के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित जीवन-यापन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से आवासीय परिसरों में मूलभूत सुविधाओं की सुदृढ़ता जैसे स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़कें, जल निकासी एवं सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था की नियमितता पर बल दिया। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए परिसर की नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और साफ-सुथरे वातावरण के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022